जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

चूरू

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 16 संख्याः 171 प्रभात चूरू, गुरुवार 17 अक्टूबर, 2024 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## उमर अब्दुल्लाह के शपथ ग्रहण में इंडिया गठबंधन की एकजुटता का प्रदर्शन

### पर, कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हुई, बाहर से समर्थन देगी

- उमर अब्दुल्लाह ने दूसरी बार जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री की शपथ ली। उमर केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री चुने गए हैं, उनके साथ 5 अन्य मंत्रियों ने शपथ ली।
- उमर ने जम्मू के नौशेरा से चुनाव जीते व्यवसायी सुरिंदर चौधरी को उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया। चौधरी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना को हराया है।
- शपथ ग्रहण समारोह में इंडिया गठबंधन के सभी प्रमुख दलों के नेताओं ने भाग लिया, जिनमें अखिलेश यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, प्रकाश करात, डी.राजा, कनिमोई, सुप्रिया सुले प्रमुख थे।
- कांग्रेस के सरकार में शामिल नहीं होने पर अवश्य कुछ सवाल उठे। बताया जाता है कि एक ही मंत्री पद दिए जाने से नाराज़ होकर कांग्रेस ने बाहर से समर्थन देने का निर्णय लिया है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एन.सी.) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्लाह (54) ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ पाँच अन्य विधायकों ने भी मन्त्री पद की शपथ ली। इनमें सुरिन्दर चौधरी भी शामिल हैं, जो जम्मू के एक व्यवसायी हैं। उन्होंने जम्मू क्षेत्र की नौशेरा सीट से राज्य भाजपा अध्यक्ष रवीन्द्र रैना को पराजित किया था। इस उल्लेखनीय जीत पुरस्कार स्वरूप चौधरी जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री बनाये गए हैं।

श्रीनगर में आयोजित शपथ-ग्रहण समारोह की अध्यक्षता राज्य के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने की। इससे पहले, पिछले विधानसभा चुनावों में सुरिन्दर जब पी.डी.पी. उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े थे तो उन्हें रैना ने हरा दिया था। इसके बाद सुरिन्दर चौधरी पी.डी.पी. छोड़कर, एन.सी. में शामिल हो गए थे।

श्रीनगर के शेरे-ए-कश्मीर इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर (एस.के.आई.सी.सी.) में आयोजित इस समारोह में जिन चार अन्य विधायकों को शपथ दिलाई गई वे हैं- सतीश शर्मा, सकीना इट्टू, जाविद दर तथा जाविद राना। सतीश शर्मा छम्ब से निर्वाचित निर्दलीय विधायक हैं, जिन्होंने चुनाव के बाद एन.सी. को समर्थन दे दिया था।

वर्ष 2009 के बाद, उमर अब्दुल्लाह दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं। उन्होंने केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले किन्तु अपेक्षाकृत कमजोर मुख्यमन्त्री बनने विशिष्टता अर्जित की है। ज्ञातव्य है कि केन्द्र सरकार ने 2019 में जम्मू-कश्मीर का "विशेष दर्जा समाप्त कर दिया था तथा उपराज्यपाल को ज्यादा शक्तियाँ दे दी थीं।"

शपथ ग्रहण समारोह से ठीक पहले अब्दुल्लाह ने कहा, "मैं छः वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाला अन्तिम मुख्यमन्त्री था। अब मैं केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का प्रथम मुख्यमन्त्री रहूँगा। छः साल का कार्यकाल पूरा करने की पिछली विशिष्टता को लेकर, मैं काफी प्रसन्न हूँ। किसी केन्द्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री होना पूरी तरह भिन्न स्थिति है। इस पद की अपनी निजी चुनौतियाँ हैं। मैं यह आशा करता हूँ कि जम्मू-कश्मीर का केन्द्रशासित प्रदेश का दर्जा एक अस्थाई फैक्टर हैं।"

यूनियन टेरिटरी (यू.टी.) जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री सहित, मन्त्रियों के केवल 9 पद हैं। कांग्रेस के छः विधायकों में से किसी ने भी शपथ नहीं ली। दिल्ली में कांग्रेस के एक सूत्र ने कहा कि अब्दुल्लाह ने कैबिनेट मन्त्री के केवल एक पद की पेशकश की थी, लेकिन एक पद पार्टी को स्वीकार नहीं था। कांग्रेस विधायक दल के नेता गुलाम अहमद मीर ने कहा, "जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल के समय कांग्रेस के किसी भी निर्वाचित सदस्य ने शपथ नहीं ली। (पार्टी का यह कदम) जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस न दिए जाने के लिए प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ हमारे विरोध का प्रतीक है।" उन्होंने कहा

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## नाबालिग पुत्री से अश्लीलता करने वाले पिता को सजा

जयपुर, 16 अक्टूबर। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नशे की हालत में नाबालिग पुत्री से अश्लीलता करने वाले पिता को पांच साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 5500 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी मीना अवस्थी ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने पिता-पुत्री के रिश्ते को तार-तार करने वाला अपराध किया है, इसलिए उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजेश श्योराण ने

- पीड़िता की माँ की रिपोर्ट पर जवाहर सर्किल थाने ने 23 मार्च को अभियुक्त को गिरफ्तार किया था।

अदालत को बताया कि घटना को लेकर गत 23 मार्च को पीड़िता की मां ने जवाहर सर्किल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसका पति नशे का आदी है।

पूर्व में परिवार की एक अन्य महिला की शिकायत पर उसे एक साल जेल में रहना पड़ा था। वह कॉलोनी में भी निर्वस्त्र होकर आए दिन तमाशा करता है। बीती रात को उसने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लीलता की है।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## मदार में पैंथर ने महिला का शिकार किया

### मौके पर युवक के लट्ठ बजाने से पैंथर भाग गया, उपचार के दौरान महिला की मृत्यु

- बुधवार को मदार गाँव में दो महिलायें सोयाबीन की फसल काट रही थीं, जब पैंथर ने हमला किया। मांगीबाई की गर्दन पैंथर ने जबड़े में दबोच ली, युवक के लाठी बजाने से पैंथर भाग गया।
- मंगलवार रात बड़गाँव क्षेत्र में रात डेढ़ बजे एक राहगीर ने पैंथर का वीडियो बनाया। पैंथर बछड़े की गर्दन दबोच कर दीवार पर चढ़ रहा था। यह आबादी क्षेत्र हैं, इस कारण दहशत फैल गई है।

उदयपुर, 16 अक्टूबर (कासं)। आदमखोर पैंथर की तलाश कर रही वन विभाग की टीम को अब तक सफलता नहीं मिली है, वहीं, पैंथर ने बुधवार को एक महिला को अपना शिकार बना लिया। घटना गोगुन्दा-बड़गांव उपखंड सीमा क्षेत्र में आने वाले मदार गांव की है। यह गांव राठौड़ों का गुडा व केलवों का खेड़ा के पास ही है। कयास लगाए जा रहे हैं कि आदमखोर पैंथर ने अपना एरिया बदल दिया है। घटना के अनुसार, मदार बड़ा तालाब के समीप दो महिलाएं सोयाबीन की फसल काट रही थीं, तभी पैंथर ने हमला बोल दिया। हमले में एक महिला गंभीर रुप से घायल हो गई और उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौके पर मौजूद एक युवक ने लट्ठ बजाकर पैंथर को भगाया।

जानकारी के अनुसार, मदार बड़ा तालाब के समीप स्थित एक खेत में मांगीबाई (66) व केसी बाई (60) सोयाबीन की फसल काट रही थीं। युवक गणेश ने बताया कि उसकी मां केसीबाई व मांगीबाई तथा वह खुद सोयाबीन की फसल काट रहे थे। इस दौरान अचानक आए पैंथर ने मांगीबाई पर हमला कर उसकी गर्दन जबड़े में दबोच ली। युवक लट्ठ लेकर दौड़ा तो पैंथर मांगीबाई को छोड़ युवक की मां केसीबाई पर हमला करने लगा। युवक ने तेजी से लट्ठ घूमाते हुए पैंथर को वहां से भगाया। हमले में मांगीबाई की मौत हो गई, जबकि केसीबाई, पत्नी चुन्नीलाल घायल है।

डी.एफ.ओ. मुकेश सैनी ने बताया कि वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है तथा मदार बड़ा तालाब के आसपास व गांव क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। राठौड़ों का गुडा व केलवों का खेड़ा में वन विभाग की टीम करीब 20 दिनों से पैंथर की तलाश में जुटी है लेकिन वह अभी भी पकड़ से दूर है। आदमखोर पैंथर अब तक नौ जानें ले चुका है।

बताया जा रहा है कि, मंगलवार रात बड़गांव क्षेत्र में भी एक पैंथर देखा गया। रात करीब 1.30 बजे एक राहगीर ने इसका वीडियो बनाया। जिसमें पैंथर बछड़े को गर्दन से दबोचकर 4 फीट ऊंची दीवार पर चढ़ता नज़र आ रहा है। दो दिन पहले पैंथर ने उदयपुर से 7 किमी दूर बडी गांव में एक बाड़े में घुसकर बछड़े को मार डाला था। गोगुंदा क्षेत्र में कई दिनों से पैंथर की दहशत फैली थी, अब बडगांव क्षेत्र में भी पैंथर की आहट नज़र आने लगी है।

बडगांव सरपंच संजय शर्मा बुधवार सुबह मौके पर पहुंचे तथा वन विभाग से तत्काल पिंजरा लगाने की मांग की। पंचायत समिति सदस्य भुवनेश व्यास ने भी समय रहते पिंजरा लगाने की मांग की है। जिस जगह पैंथर ने गाय के बछड़े का शिकार किया है वह आबादी क्षेत्र है इसलिए लोगों की चिंता

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## कैनडा ने भारत पर प्रतिबंध लगाने के संकेत दिए

### पर, कूटनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा हुआ तो कैनडा को ज्यादा भारी कीमत चुकानी होगी

- कैनडा का भारत में काफी निवेश है। कैनेडियन पैन्शन फंड ने भारत में 75 अरब कैनेडियन डॉलर्स का निवेश किया हैं, साथ ही कैनडा की 600 कम्पनियाँ यहाँ काम कर रही हैं। प्रतिबंध लगे तो इन निवेशों व कम्पनियों के कामकाज पर प्रभाव पड़ेगा।
- भारत, कैनडा के कृषि उत्पादों का प्रमुख बाज़ार है और अगर कैनडा ने प्रतिबंध लगाए तो ऑस्ट्रेलिया जैसे देश इस बाज़ार पर आधिपत्य कर लेंगे।
- इन प्रतिबंधों का भारत पर ज्यादा असर नहीं होगा, क्योंकि भारत में होने वाले विदेशी निवेश में कैनडा की भागीदारी मात्र 0.57 प्रतिशत है।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर नई दिल्ली व ओटावा के बीच चल रहे तनाव का अगला कदम क्या होगा? कैनडा की विदेश मंत्री मैलनी जॉली ने संकेत दिया कि भारत पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। कैनडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने भारत पर अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने और कैनडा के नागरिकों को टारगैट करने का आरोप लगाया और कहा, भारतीय एजेंटों के लिप्त होने के कई सबूत हैं। इस आरोप को भारत सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया।

अगर कैनडा ने प्रतिबंध लगा दिए तो नतीजा क्या होगा?

अगर कूटनीतिक गतिरोध जारी रहा और ओटावा ने प्रतिबंध लगा दिए तो कैनडा को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसके संभावित लाभ कम हैं, पर आर्थिक व कूटनीतिक नुकसान ज्यादा है।

भारत में कैनडा के कई आर्थिक हित हैं। कैनडियन पेंशन फंड ने भारत में 75 अरब कैनडियन डॉलर का निवेश किया है और 600 कैनडियन कम्पनियां भारत में काम कर रही हैं। किसी भी प्रकार के प्रतिबंध से इस निवेश का नुकसान होगा। बिज़नैस बाधित होगा, जिससे आर्थिक नुकसान होगा। कैनडा के लिए भारत एक प्रमुख नियति बाज़ार है, कैनडा के कई कृषि उत्पाद जैसे दालें आदि भारत खरीदता है। प्रतिबंध लगाने से कैनडा यह बाज़ार आस्ट्रेलिया के सुपुर्द कर देगा।

प्रतिबंध लगाए जाने पर भारत भी

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## बकाया गुजारा भत्ते की वसूली पति की जमीन की नीलामी से होगी

जयपुर, 16 अक्टूबर। पारिवारिक न्यायालय क्रम-2 महानगर द्वितीय, ने पत्नी को कई महीने से बकाया चल रही गुजारा भत्ते की राशि, 3 लाख रुपए नहीं देने पर जमवारामगढ़ तहसीलदार को, पति की जमीन कुर्क कर बकाया राशि वसूलने के आदेश दिए हैं। आदेश के बाद तहसीलदार ने पति की ग्राम ताला में खातेदारी जमीन को कुर्क कर भू अभिलेख निरीक्षक को इसकी 5 नवंबर को नीलामी करने को कहा है।

- पारिवारिक न्यायालय ने ग्राम ताला में पति की खातेदारी जमीन कुर्क करके 5 नवम्बर को नीलामी करने को कहा।

अधिवक्ता डी.एस. शेखावत ने बताया कि 5 जून 2012 को प्रार्थिया की शादी अप्रार्थी पति के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने प्रार्थिया को दहेज के लिए प्रताड़ित किया और गाली-

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## मैसूर अरबन डवलपमैंट अथॉरिटी के चीफ मारीगौड़ा ने अचानक इस्तीफा दिया

### मारीगौड़ा ने इस्तीफे के बाद बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस्तीफा दिया है, साथ ही उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी है

- मारीगौड़ा के इस्तीफे के बाद कर्नाटक भाजपा ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मुहिम तेज कर दी है। भाजपा नेता राष्ट्रपति मुर्मू से मिलने की तैयारी में हैं और उनसे भ्रष्ट व हिंदू विरोधी मु.मंत्री सिद्धारमैया को बर्खास्त करने की मांग करेंगे।

-लक्ष्मण वैंकट कुची -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। कर्नाटक में एम.यू.डी.ए. (मैसुर अरबन डवलपमैंट अथॉरिटी) "मुडा लैंड स्केम" में तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच भाजपा और कांग्रेस में एक रोचक जंग छिड़ गई है जिसके केन्द्र में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया है।

ऐसे समय में जब भाजपा इस मुद्दे पर भड़की हुई है और राष्ट्रपति से मांग कर रही है कि भ्रष्ट एवं हिन्दू विरोधी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बर्खास्त किया जाए, इसी बीच मैसूर अरबन डवलपमैंट अथॉरिटी के चेयरमैन के. मैरीगौडा ने निजी कारणों का हवाला देकर पद से इस्तीफा दे दिया। मैरीगौडा को मुख्यमंत्री का करीबी माना जाता है उन्होंने इस्तीफे के कारणों में स्वास्थ्य मन्त्री के अलावा मुख्यमन्त्री के निर्देश को भी कारण बताया है।

लेकिन उन्होंने इस बात से साफ इन्कार किया कि उनके इस्तीफे के पीछे कोई राजनैतिक दबाव है। उन्होंने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, "मैं मन्त्री महोदय से मिला और उन्हें अपना इस्तीफा दिया। मुख्यमन्त्री ने मुझे इस्तीफा देने का निर्देश दिया था और मैंने इस्तीफा दे दिया है। इसके अलावा मेरा स्वास्थ्य का एक बड़ा कारण है, न्यायिक जांच ल रही है चलती रहेगी। जांच पूरी होने के साथ सच्चाई सामने आ जाएगी।"

समूची कांग्रेस पार्टी मुख्यमन्त्री के पक्ष में एकजुट है और पार्टी ने भाजपा के भ्रष्टाचार के आरोपों को नकार दिया तथा कहा कि भाजपा कर्नाटक हारने से निराश है इसलिए "मुडा स्कैम" को मुद्दा बना रही है। इस मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट जांच का आदेश दे चुका है और जांच चल रही है। लेकिन राज्य के भाजपा नेता मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़े हुए हैं। उनका कहना है कि अगर पुलिस उनके मातहत काम कर रही है तो स्वतंत्र जांच कैसे हो सकती है। उन्हें जांच चलने तक इस्तीफा दे देना चाहिए।

इस समय मुडा चेयरमैन जिन्होंने मुख्यमन्त्री की पत्नी द्वारा लौटाई गई जमीन स्वीकार कर ली थी, के इस्तीफे ने आग में घी डाल दिया है।

मैरीगौडा ने कहा, "मेरे ऊपर इस्तीफा देने के लिए कोई दबाव नहीं था। मेरा स्वास्थ्य वास्तव में ही ठीक नहीं चल रहा है, इसलिए मैं स्वेच्छा से ही पद से हट रहा हूँ। मैं मुख्यमंत्री को पिछले 40 साल से जानता हूँ। उन्होंने मुझे जिलाध्यक्ष नियुक्त किया तथा कभी भी कोई गैर कानूनी काम करने के लिए नहीं कहा, एम.यू.डी.ए. के सम्बन्ध में भी नहीं। मैं निजी कारणों से इस्तीफा दे रहा हूँ। मुझे दो स्ट्रोक आ चुके हैं तथा अब मैं पद पर नहीं सकता।" एम.यू.डी.ए. अधिकारी को पिछले महीने अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था क्योंकि उन्होंने लम्बी सड़क यात्रा के दौरान थकान एवं कष्ट की शिकायत की थी। उनका इलाज मैसुरू अस्पताल में हुआ था।

मामला यह है कि, मुख्यमंत्री की पत्नी बी.एम. पार्वती की जो जमीन मैसूर डवलमैंट अथॉरिटी ने अधिग्रहीत की थी उसके ऐवज में उन्हें जो जमीन अलॉट की गई वो मैसूर के एक महंगे क्षेत्र में है और उस संपत्ति की कीमत अधिग्रहित भूमि से अधिक है। इधर, भाजपा ने सन् 2022 में हुबली पुलिस

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## न्याय की देवी की आँखों से पट्टी हटी

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। फिल्मों और अदालतों में आंखों पर बंधी पट्टी के साथ न्याय की देवी की मूर्ति को सभी ने देखा होगा। लेकिन, अब नए भारत की न्याय की देवी की आंखें खुल गई हैं। यहां तक कि उनके हाथ में तलवार की जगह संविधान आ गया है। कुछ समय पहले ही अंग्रेजों के कानून बदले गए हैं।

- भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाय. चन्द्रचूड़ के निर्देश से न्याय की देवी की मूर्ति में यह बदलाव किया जा रहा है। अब मूर्ति के हाथ में संविधान होगा।

अब भारतीय न्यायपालिका ने भी ब्रिटिश युग को पीछे छोड़ते हुए नया रंगरूप अपनाना शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का ना केवल प्रतीक बदला है बल्कि सालों से न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी भी हट गई है। जाहिर है कि सुप्रीम कोर्ट ने देश को संदेश दिया

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## अचानक क्यों बढ़ गई हैं विमान में बम की अफवाह फैलाने वाली फ़र्ज़ी कॉल्स?

### कहीं इसका उद्देश्य, तेजी से बढ़ रही इंडियन एविएशन इंडस्ट्री की छवि खराब करना तो नहीं है

- विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में एविएशन उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, ना केवल विदेश जाने वाली उड़ानों की मांग बढ़ी है, बल्कि घरेलू स्तर पर भी मांग बढ़ी है। एयरलाइन कम्पनियाँ नए विमान खरीद रही हैं। क्या बाज़ार के अन्य प्रतिस्पर्धी सुरक्षा का डर पैदा करके भारतीय विमान सेवाओं की साख खराब कर रहे हैं।
- एक संदेह और पैदा हो रहा है कि बार-बार फ़र्ज़ी कॉल्स आने से एयरलाइन्स व सुरक्षा एजेंसियाँ लापरवाह होकर सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल्स में लापरवाही बरत सकती हैं, जिससे आतंकियों को अपने मंसूबे पूरे करने में मदद मिल सकती है।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। पिछले 48 घंटों में कई स्रोतों से बार-बार आ रही बम की अफवाहों के परिणामस्वरुप भारतीय विमानन (एविएशन) उद्योग ठप्प सा हो गया है। विभिन्न एविएशन कंपनियों की 12 फ्लाइट्स को बम की धमकी मिली है और सभी फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं।

भारत की एयरलाइन्स को मिलने वाली बम की धमकियों में अचानक आई तेजी संबंधित अधिकारियों के लिए भारी सिर दर्द बन गई है। नागरिक विमानन मंत्रालय ने डायरैक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन के साथ शीर्ष स्तर पर चर्चा की है, जो कि मुख्य रुप से भारतीय विमानन उद्योग के संचालन के साथ-साथ सुरक्षा के लिए जिम्मेवार है।

जानकारी के अनुसार, बम की धमकी देने वालों के बारे में कुछ सुराग मिले हैं, लेकिन, एजेन्सियाँ अभी तक धमकी देने वालों तथा उनसे संबंधित लोगों की पूरी पहचान नहीं कर पाई हैं। लेकिन, एयरलाइन्स के बारे में लगातार दी जा रही ऐसी फर्जी धमकियाँ उनकी प्रतिष्ठा को तथा बिज़नैस को नुकसान पहुँचा सकती है।

सौभाग्यवश, अभी तक, इन फर्जी कॉल्स के बाद फ्लाइट्स पर कोई बम नहीं मिले हैं। तथापि, बम की धमकी की इन कॉल्स को, किसी भी सूरत में कभी भी सहजता से नहीं लिया जा सकता है।

एयरलाइन्स के संचालन के लिए बम की अफवाह सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि इनसे यात्रियों की सुरक्षा जोखिम में पड़ती है।

प्रश्न यह है कि भारतीय एयरलाइनों को अचानक इतने अधिक ऐसे फर्जी कॉल्स क्यों मिल रहे हैं। अधिक महत्वपूर्ण प्रश्न है, क्या इन फर्जी धमकियों के पीछे और भयावह योजनाएं तो नहीं हैं। क्योंकि खतरा यह है कि, फर्जी धमकियों के बढ़ने के साथ एयरलाइन्स या सुरक्षा एजेन्सियाँ बेपरवाह व असावधान हो सकती हैं तथा सिक्यूरिटी प्रोटोकॉल्स को नज़र अंदाज़ करना शुरु कर सकती हैं।

शिकागो से बॉम्बे की एक एयर इण्डिया फ्लाइट को दूरस्थ आर्कटिक क्षेत्र के एक कैनेडियन एयरपोर्ट पर एमरजैन्सी लैण्डिंग करनी पड़ी। हवाई जहाज के सभी यात्रियों को फिर एक कैनेडियन मिलिटरी एयरक्राफ्ट से शिकागो भेजना पड़ा।

दूसरी तरफ, सिंगापुर में, सिंगापुर आर्म्ड फोर्सेज़ के एफ 16 फिशर जैट्स ने, एयर इण्डिया एक्स्प्रैस की एक फ्लाइट को एस्कॉर्ट करके चांगी एयरपोर्ट पर उसकी लैण्डिंग करवाई। वर्तमान में सिंगापुर की अथॉरिटीज़ उक्त एयरक्राफ्ट की जांच कर रही हैं।

इसी प्रकार, बॉम्बे से न्यूयॉर्क जा रही एयर इण्डिया की एक फ्लाइट को टेक ऑफ के बाद, इसी प्रकार की बम की धमकी मिलने के बाद दिल्ली भेजना पड़ा।

इस तरह की बम की फर्जी कॉल्स लंबी अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों तक ही सीमित नहीं हैं। कम दूरी की घरेलू उड़ानों के साथ भी ऐसा हुआ है। इसी तरह की फर्जी धमकी के बाद स्पाइस जैट की एक फ्लाइट को रद्द करना पड़ा था।

बार-बार आने वाली इन धमकी भरी झूठी कॉल्स से फ्लाइट शिड्यूल में व्यवधान आता है तथा उड़ाने प्रभावित

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## बम की धमकीः 7 फ्लाइट्स की इमरजैंसी लैंडिंग

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। इंडियन एयरलाइंस की सात और फ्लाइट्स में बुधवार को बम होने की धमकी मिली। इसमें इंडिगो की चार, स्पाइसजेट की 2 और अकासा की एक फ्लाइट शामिल है। पिछले 3 दिन में 19 विमानों को बम की धमकी मिल चुकी है। 15 अक्टूबर को 7 फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिली थी। इन फ्लाइट्स में एअर इंडिया एक्सप्रेस का दिल्ली से शिकागो जाने वाला विमान भी शामिल था। उसे कनाडा डायवर्ट कर इकालुइट एयरपोर्ट पर उतारा गया था।

- जाँच में सभी धमकियाँ झूठी निकलीं, पर, केन्द्र ने उड़ानों में एयर मार्शलों की संख्या दुगुनी करने का निर्णय लिया।

जांच में इन फ्लाइट्स में बम की खबर झूठी निकली थीं। हालांकि, सभी

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## विचार बिन्दु

मनस्वी पुरुष पर्वत के समान ऊँचे और समुद्र के समान गंभीर होते हैं। उनका पार पाना कठिन है। –माघ

# चुनाव में हारते ही ईवीएम की पिटाई, कब तक?

हरयाणा के चुनाव सम्पन्न हुए। भाजपा विजयी हुई। कांग्रेस के लिए करीब–करीब सारे टीवी चैनल्स, राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा विजय का आकलन था, जो 100 प्रतिशत गलत सिद्ध हुए।

हारी हुई कांग्रेस नें ओर बातों के साथ–साथ, ईवीएम पर भी अपनी हार का ठीकरा फोडा है। चुनाव आयोग को शिकायत की है। चुनाव आयोग कब और क्या करेगा अल्लाह, (नहीं–नहीं अकेला अल्लाह क्यों, सनातनी देवता, देवियां भी) जाने।

**खैर इस बीच मंदिर में बैठे एक समूह में, ईवीएम पर कुछ रोचक और कुछ कुछ गम्भीर बातें सुनी, वो ही आपको भी सुनता हूँ।**

एक व्यक्ति का प्रश्न था कि–जब हजारों मील दूर से बैंक एकाउंट, हवाई जहाज हैक हो सकते है, भूले–बिसरे से उपकरण पेजर के माध्यम से दुश्मन के ठिकाने ध्वस्त किए जा सकते है, एयरपोर्ट, एम्स जैसे अस्पतालों का पूरा सिस्टम स्टैंडस्टिल किया जा सकता है तो फिर EVM को हैक क्यों नहीं किया जा सकता?

दूसरे का उत्तर था–चुनाव आयोग के अनुसार, EVM स्टैंड अलोन मशीन है, बाहर के इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल्स से पूर्णत: कटऑफ है, इसलिए इसको हैक नहीं किया जा सकता।

पहले नें कहा EVM सॉफ्टवेयर आधारित उपकरण है तो दूर से ऑपरेट क्यों नही हो सकती? सॉफ्टवेयर को डिजाइन इस ढंग से किया जा सकता है कि कुछ इंटरवल्स पर, पूर्व से मशीन में इंस्टाल किए प्रोग्राम के अनुसार वोटों की, एक उम्मीदवार के लिए सेलेक्टिव रिकार्डिंग शुरू कर दे और कुछ अंतराल में फिर वोटों की नॉर्मल रिकार्डिंग शुरू कर दे।

**दूसरे का उत्तर था बात गले तो नही उतर रही।**

अब तक शान्त तीसरे व्यक्ति नें बोला कि 6, 7 बार तो सुप्रीम कोर्ट, ईवीएम से चुनाव न करने वाली व इसमें गड़बडी की आशंकाओं वाली याचिकाएं खारिज कर चुका है। भारत के चुनाव आयोग नें भी सभी राजनीतिक दलों व आपत्ति करने वालों को अवसर दिया था कि उनके समक्ष ईवीएम को हैक करके दिखाओ..**किन्तु अभी तक तो कोई हैकिंग का प्रदर्शन कर नहीं सका।**

**पहले व्यक्ति का प्रति उतर था कि अब तक कोई कर नहीं सका, इस से यह प्रमाणित नहीं होता कि यह मशीन हैक नही हो सकती। कोइ ईलेक्ट्रॉनिक उपकरण ऐसा नहीं हो सकता जिसको दूर से, इच्छानुसार, संचालित नहीं किया जा सकता। घर से बाहर रहते हुए फ्रिज, पंखे, टीवी, पीसी ऑपरेट किए जा सकते हैं तो फिर EVM क्यों नहीं??**

इस तर्क के विपरीत समूह के एक दूसरे व्यक्ति का कहना था कि एक विधान सभा क्षेत्र में चुनाव कराने के लिए शुरू से अंत तक कम से कम 400, 500 व्यक्ति विभिन्न समय, विभिन्न प्रकार के काम करते है। इतने आदमियों के मध्य जो कार्य सम्पन्न हो, वहां से कोई EVM मशीन हैक कर दे बात समझ में तो नहीं आती।

अगर यह तर्क हो कि मतदान वाले दिन कोई ऐसा कर सकता तो भी मतदान दल के 6, 7 व्यक्तियों के बीच यह बात गोपनीय रह नही सकती। मान लो तर्क यह हो कि जिस प्रेजाइडिंग अधिकारी के पास मशीन को मतदान के लिए चालू बंद करने का अधिकार है, वह हैकिंग करना चाहे तो भी गोपनीय रखना मुश्किल ही लगता है।

**लेकिन मान लें कि यह पीठासीन व्यक्ति किसी विशिष्ट पार्टी से संचालित विश्वशनीय व्यक्ति है तो भी उसे हैक करने वाला सॉफ्टवेयर तो पहले से देना पड़ेगा और यह भी अति गोपनीय ढंग से हो सके, ऐसी संभावनाएं भी शून्य जैसी लगती है। यदि ऐसा किया भी जा सके तो कितने पोलिंग बूथ्स पर यह करने पर किसी उम्मीदवार को जिताया जा सकेगा?? और किसी पार्टी को जिताने के लिए कितने निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसा करना पड़ेगा ?? और क्या इतने बड़े पैमाने पर यह गोपनीयता बरकरार रखी जा सकती है??? शायद नहीं।**

चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायतें भी होती है और निर्वाचन अधिकारी, चुनाव आयोग के पर्यवेक्षक मौके पर पहुंच कर समाधान भी करते है।

**एक व्यक्ति का प्रश्न था कि–जब हजारों मील दूर से बैंक एकाउंट, हवाई जहाज हैक हो सकते है, भूले-बिसरे से उपकरण पेजर के माध्यम से दुश्मन के ठिकाने ध्वस्त किए जा सकते है, एयरपोर्ट, एम्स जैसे अस्पतालों का पूरा सिस्टम स्टैंडस्टिल किया जा सकता है तो फिर EVM को हैक क्यों नहीं किया जा सकता?**

**इस पर एक दूसरे व्यक्ति नें कहा से मतदान और विविपेट मशीन पर भिन्न व्यक्ति नाम आने से सम्बन्धित शिकायत का तो कोई संतोषप्रद समाधान नहीं होता।**

उसने आगे बताया कि उसके एक दोस्त नें वोट किसी को दिया और विविपेट मशीन पर नाम किसी ओर का दिखाया। उसने तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी व ECI को शिकायत की। उसके पास टेलीफोन भी आया। उसे मतदान केंद्र पर वापिस बुलाया, उसे सुना। जो दल सुनवाई करने आया, उसने कहा, **सबसे पहले आपको शपथपत्र** देना होगा कि यदि शिकायत गलत पाई तो आपराधिक कार्यवाही की जा सकती है।

पहली बात तो यह थी कि आपराधिक कार्यवाही के लिए शपथपत्र की आवश्यकता, वह बिना इसके भी की जा सकती है। **उस व्यक्ति नें आगे कहा कि उसके दोस्त नें पूछा कि शपथपत्र देने से पहले यह बताई की जांच कैसे करोगे??**

इस पर मोटामोटी उस टीम का कहना था, इस मशीन को हटा के दूसरी मशीन से आगे की वोटिंग होगी। उसका भी टेंडर वोट डलवाया जाएगा। उस मशीन को शील किया जाएगा और गणना के समय कम्पनी के टेक्निकल अधिकारी जिस वोट पर ऑब्जेक्शन हुआ उसे अलग करेंगे आदि आदि....।

मेरे खपती दोस्त नें कहा बात समझ में नही आई कि उसका पहली मशीन में डाल वोट अलग से कैसे पहचाना जाएगा? उसके उस टीम की बात समझ में नही आई और उसने शपथपत्र नहीं दिया। मतदान के बाद व गणना सम्पन्न होने के बाद ECI से उसके पास मेल आया कि आपकी शिकायत का समाधान कर दिया गया।

**पहले वाले व्यक्ति नें फिर कहा कि पीठासीन अधिकारी और हैकिंग वाली जो बात कही उस से भी यह तो सामने आता ही है कि यदि पीठासीन अधिकारी चाहे तो हैकिंग सम्भव है!!** जब हजारों किलोमीटर से पेजर को सिग्नल देकर सर्किट को चालू कर विस्फोट किया जा सकता है तो वोटिंग मशीन को सिग्नल क्यों नहीं दिया जा सकता?? सॉफ्ट वेयर है तो हैकिंग सम्भव है। हैकर किसी के खाते से पैसे निकाल लेते है और एकाउंट फिर चालू कर देते है **तथा सॉफिस्टिकेटेड हथियारों से लेकर रोजमर्रा की जिंदगी में ऐसे अनेक उदाहरण गिनाए जा सकते है जहां पूर्व स्थापित सॉफ्टवेयर को दूर से सिग्नल भेज कर ऑपरेट किया जा सकता है और किया जाता है।**

हैकिंग को नामुमकिन मानने वालों में से एक नें कहा मशीन वोटिंग के लिए तैयार करने से लेकर, चुनाव सम्पन्न होने तक की सारी कार्यवाही उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंट्स के सामने होती है।कितने वोट पड़े उसका पूरा विवरण उन्हें दिया जाता है। **गड़बड़ी की शून्य गुंजाइस है।**

**हैकिंग को सम्भव मानने वाले भाई नें मैदान नहीं छोड़ा और उसका सबसे बड़ा तर्क था कि कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गजेट दूर से ऑपरेट किया जा सकता है तो वोटिंग मशीन भी हैक कर मन माफिक वोटिंग के लिए ऑपरेट की जा सकती है।**

अभी तक शांत एक व्यक्ति नें कहा कि चुनाव कराना कोई बड़ी बात नहीं, उनकी **विश्वसनीयता सबसे महत्वपूर्ण है।** चुनाव तो अफ्रीका, साउथ अमेरिका, कई एशियन देशों से में भी होते है किंतु जनता परिणामों पर विश्वास नहीं करती और **ऐसे कई देशों में लोकतंत्र हिचकोले ही खाता** रहता है। पड़ोसी देश पाकिस्तान ही को उदाहरण के लिए ले ले।

भारत का चुनाव आयोग एक अत्यंत महत्वपूर्ण, लोकतंत्र की रक्षा करने वाली संस्था है। इसकी कार्यप्रणाली स्वत:, रति भर सन्देह से भी परे पारदर्शी होनी चाहिए किन्तु क्या हमारे ECI पर ऐसा गर्व किया जा सकता है? **टीएन शेषन से लेकर कई अन्य चुनाव आयुक्तों पर नि:सन्देह देश को गर्वित होना चाहिए किन्तु क्या अब ECI पर ऐसा गर्व किया जा सकता है, शायद नहीं।**

अभी तक शांत एक व्यक्ति एकाएक कुछ आवेशित सा होकर बोला कि **कुछ लोगों की हमेशा देश व देश की संस्थाओं को नीचा दिखाने की आदत हो गई है । मौके, बेमौके केवल आलोचना करना ही उनका काम है।**

साथ वाले नें थोड़ा शांत करवाते हुए कहा,भाई जान, प्रश्न पूछना से देश व देश की संस्थाएं बदनाम नही मजबूत होती है। देश व संस्थाएं कोई छुई मूई के पौधे है जो अलीचना हुई नहीं कि मुरझा जाए।

**चुनाव प्रक्रिया से जनता संतुष्ट हो, ECI के लिए यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण होना चाहिए।** इसके लिए प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में रैंडम चयनित 2, 4, 5 % पोलिंग बूथ्स पर विविवेट्स की भी गणना की जानी चाहिए, जिस से इस मशीन से चुनाव कराने पर लोगों को संतुष्टि हो, कोई संदेह न रहे। विभिन्न राजनीतिक दलों व रेपुटेड संगठनों की अर्जियों पर शीघ्रातिशीघ्र सुनवाई की जानी चाहिए ताकि उनके माध्यम से जनता को EVM की विश्वशनियता पर संतुष्टि हो।

और अंत में, ECI द्वारा यह कहना कि EVM हैक नहीं हो सकती, पर्याप्त नहीं। ECI को विस्तार से जनमानस को संतुष्ट करने चाहिए कि जन मानस में जो कई प्रकार के प्रश्न है, उनके होते हुए भी, EVM क्यों नही हैक हो सकती?? शांतिपूर्वक, यथाविधि कराना ECI का दायित्व है और उस से भी उपर है इसकी विश्वशनियता हो।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**

# महामारी का रूप लेता जा रहा डेंगू प्रकोप



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

भले ही डेंगू के कारण मौत के आंकड़ें अधिक ना हो पर यह साफ है कि देश दुनिया में डेंगू का प्रकोप महामारी की तरह बढ़ता जा रहा है। देश के किसी भी हिस्सें में चले जाओं डॉक्टरों व क्लिनिकों के बाहर बुखार से पीड़ितों की लंबी कतार देखी जा सकती है। डेंगू का पता ही तीन चार दिन बाद चलता है ऐसे में शुरुआत में तो बुखार का ही ईलाज किया जाता है। डेंगू की सामान्य धारणा प्लेटरेट्स में कमी आने को माना जाता है पर उससे भी गंभीर हो जाता है बीपी का अनियंत्रित खासतौर से बीपी स्तर में कमी आना होता है। डेंगू में उल्टी आना भी संकट का कारण बन जाता है। उल्टी के कारण डिहाईड्रेशन भी गंभीर हालत में ले जाता है। डेंगू का असर लीवर पर होता है। इसलिए डॉक्टरों द्वारा आराम करने की सलाह के साथ ही शरीर में पानी की कमी नहीं होने देने की सलाह दी जाती है।

एलोरा के ज्यूस व तरल पदार्थ अधिक लेने का सुझाव होता है तो कोल्ड ड्रिंक का उपयोग नहीं करने की सलाह भी दी जाती है। डेंगू की चार स्टेज मानी जाती है और खासतौर से डीएसएफ यानी डेंगू हेमरेजिंग फीवर और उससे भी अधिक डीएसएस यानी कि डेंगू शॉक सिन्ड्रोम अधिक गंभीर हो जाता है। खैर चिंता की बात यह है कि देश में इस समय तेजी से डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बरसात में पानी जमा होने से डेंगू का मच्छर आसानी से उसमें पनप जाता है और सामान्यत: सुबह और शाम को ही अपना असर दिखाता है। कहा तो यह भी जाता है कि डेंगू मच्छर की पहुंच सामान्य आदमी के पांवों तक ही होती है। पर असर गहरा दिखाता है। भले ही हम कितने ही दावें करें पर साफ–सफाई की व्यवस्था हमारे शहरों में अच्छी नहीं है और उसका परिणाम मच्छर जनित रोगों का अत्यधिक यहां तक कि छठ–बारह महीने देखने को मिल जाता है। अब तो मच्छर गर्मी के मौसम में भी अपने आप को एडजस्ट करने लगे हैं।

भारत सहित दुनिया के देशों में बरसात के मौसम से डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगता है। हांलाकि पिछली गर्मियों में भी डेंगू के मामलें बहुत ज्यादा सामने आये। लाख प्रयासों के बावजूद डेंगू पर नियंत्रण हो नहीं पा रहा है। डेंगू का प्रकोप दुनिया के अन्य देशों की तरह ही हमारे देश में भी 1780 से ही देखा जा रहा है। दुनिया के देशों में जहां 1779–80 में एशिया, उत्तरी अमेरिका, अफ्रीका आदि में पहली बार देखे गए वहीं 1780 में भारत में मद्रास जो अब चैन्नई में सामने आया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित दुनिया के देश डेंगू को लेकर अब गंभीर हो गए हैं। इसका बड़ा कारण है कि दुनिया के 130 देश डेंगू की जद में आ चुके हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस समय 4 अरब लोग डेंगू से प्रभावित हो रहे हैं और 2050 तक यह आंकड़ा पांच अरब को पार कर जाएगा। भारत की बात की जाए तो देश के लगभग हर प्रदेश में डेंगू के नित नए केस सामने आ रहे हैं। भले ही यह माना जाता हो कि डेंगू के कारण मौत की दर बहुत कम है और सामान्यत: डेंगू सामान्य पेरासिटामोल और डॉक्टरों के सलाह के अनुसार पेय पदार्थ एलोरा ज्यूस आदि लेने से ठीक हो सकता है। हांलाकि कोल्ड ड्रिंक की सलाह नहीं दी जाती है। सामान्यत: यह माना जाता है कि डेंगू के कारण तेजी से प्लेटरेट में कमी आती है पर विशेषज्ञों का मानना है कि प्लेटरेट से भी ज्यादा गंभीर होता है ब्लड प्रेशर में कमी आना है। प्लेटरेट के साथ ही ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखना जरुरी हो जाता है। यह ध्यान रखना अधिक जरुरी हो जाता है कि ब्लड प्रेशर लो नहीं होना चाहिए। डेंगू का असर सीधे लीवर पर पड़ता है और ब्लड के अंत:स्राव की समस्या हो जाती है। जो अपने आप में गंभीर होती है। उल्टी होने से डिहाईडेशन की समस्या अधिक गंभीर हो जाती है। दरअसल एक समस्या यह है कि डेंगू का पता भी तीन चार दिन बाद पता चलता है। इसलिए सावधानी सबसे बड़ी जरुरी हो जाती है। खैर सबसे अधिक चिंतनीय यह है कि डेंगू का प्रकोप तेजी से बढने के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन अब अधिक गंभीर हो गया है।

गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि इंडोनेसिया में डोन से सर्वे कर मच्छरों के लार्वा की खोज करके नष्ट करने का यह परिणाम रहा है कि डेंगू के मामलों में 70 फीसदी तक कमी आई है। डेंगू से बचाव के लिए डेंगू मच्छर का खात्मा करने वाले एंटीडेंगू मच्छर को दुनिया के करीब 14 देशों में छोड़े जाने का निर्णय किया गया है। वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोगशाला में एंटीडेंगू मच्छर का सफल प्रयोग किया जा चुका है और ब्राजील में बड़ा केन्द्र बनाते हुए बोल्वाशिया मच्छर का उत्पादन आरंभ कर दिया गया है। हांलाकि किन किन 14 देशों में एंटी डेंगू मच्छरों को छोड़ा जाएगा यह निर्णय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अभी किया जाना है। डेंगू की गंभीरता को देखते हुए ही गैर सरकारी वर्ल्ड मास्कीटों प्रोग्राम के तहत एंटीडेंगू मच्छर विकसित किया गया है। 2023 में इंडोनेशिया में इनका प्रयोग किया जा चुका है और इनके प्रभाव से 95 प्रतिशत तक सकारात्मक प्रभाव देखा गया है।

हांलाकि 2011 में आस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में लगातार चार बरसाती सीजन में एंटीडेंगू मच्छर का प्रयोग किया गया और दावा किया गया कि वहां चार बरसातों में एक भी डेंगू का मामला सामने नहीं आया। इन मंच्छर में एक बैक्टिरिया वोल्वाशिया पापीएंटिस डाला गया है। वैज्ञानिकों का दावा है कि इससे बीमारी वाले मच्छरों को वायरस फैलाने से रोकने में सफल होंगे। अब तक के परीक्षणों में यह खरे भी उतरे हैं। डेंगू की भयावहता को इसी से समझा जा सकता है कि 16 मई को भारत में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाने लगा है। इस दिवस के आयोजन के माध्यम से लोगों में अवेयरनेस जागृत की जाती है। दरअसल डेंगू एडीज एजिप्टी प्रजाती की मादा मच्छर के कारण तेजी से फैलता है। बरसात के दिनों में यह मच्छर तेजी से फैलता है। जमा पानी और गंदगी आदि में डेंगू मच्छर तेजी से बढ़ते हैं। जुलाई से सितंबर, अक्टूबर तक डेंगू का प्रकोप अधिक रहता है। शुरुआती दो तीन दिन तक तो जांच में पता ही नहीं चलता है। डेंगू में 3 से 7 दिन अधिक गंभीर होते हैं। प्लेटरेट्स में तेजी से गिरावट होती है। हांलाकि डेंगू के कारण मौत तुलनात्मक रुप से कम है पर डेंगू का प्रभाव क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में एंटीडेंगू मच्छर शुभ संकेत माने जा सकते हैं।

डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए देश में ड्रोन का प्रयोग अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इंदोर में डेंगू मच्छरों को नष्ट करने के लिए ड्रोन के उपयोग का निर्णय किया गया है। देश के अन्य हिस्सों में भी ड्रून का उपयोग प्रयोग के रुप में किया जाने लगा है। सवाल साफ है कि डेंगू के प्रकोप को चुनौती के रुप में लेते हुए सरकार को ठोस प्रयास करने होंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी और गैरसरकारी सभी संस्थाओं को आगे आना होगा और सबसे अधिक लोगों में अवेयरनेस के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता और सफाई के प्रति चेतना विकसित करनी होगी। आज खेती में ड्रोन का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। ऐसे में मच्छरों के रोकथाम के लिए ड्रोन का प्रयोग अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकता है। शहरी सरकार को ड्रोन का उपयोग करते हुए फोगिंग करानी चाहिए और मच्छरों को फैलने से रोका जाना चाहिए। इसके लिए सरकारी अस्पतालों में डेंगू के ईलाज पर नि:शुल्क दवा वितरण के बजट का कुछ अंश भी इस पर खर्च किया जाता है तो डेंगू को रोकने के कारगर प्रयास हो सकते हैं।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )**


# उदयपुर के डॉ. पण्ड्या की शोध पुस्तक "इनसाइड द टेरिफाइंग वर्ल्ड ऑफ जैश–ए–मोहम्मद" का विमोचन

## आतंकवाद मानवाधिकारों का सबसे बड़ा मौलिक उल्लंघन है : केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली के एक होटल में उसानास फ़ाउण्डेशन उदयपुर (राजस्थान) के संस्थापक और सीईओ डॉ. अभिनव पण्ड्या की श्रमसाध्य शोध पुस्तक "इनसाइड द टेरिफाइंग वर्ल्ड ऑफ जैश–ए–मोहम्मद" का विमोचन किया।

इस अवसर पर दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल (एलजी) तेजेंद्र खन्ना, पूर्व राजदूत एवं जाने–माने लेखक और साहित्यकार अनिल त्रिगुणायत, कई अनुभवी राजनयिक और शिक्षाविदों के साथ ही रक्षा प्रतिष्ठान के वर्तमान और सेवानिवृत्त अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर केन्द्रीय पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आतंकवाद मानवाधिकारों का सबसे बड़ा मौलिक उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि मैंने एक राजनयिक के रूप में अपने करियर के दौरान आतंकवादी समूहों द्वारा 'विचारधारा' के रूप में पेश की गई दोषपूर्ण कथाओं से बहुत शिद्धत के साथ निपटा है और हमेशा यह माना है कि आतंकवाद मानवाधिकारों के सिद्धान्तों के खिलाफ एक बड़ा अपराध है। पुरी ने कहा कि मुझे अत्यधिक ज्ञानवान दर्शकों की इस बड़ी सभा में शामिल होकर बहुत प्रसन्नता हुई है। इस अवसर पर पुस्तक चर्चा सत्र में पूर्व उप सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल आर के साहनी, भारतीय सेना के सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हुसैन, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के अतिरिक्त सचिव शिव मुरारी सहाय तथा डॉ. अभिनव पण्ड्या ने पुस्तक के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

प्रारम्भ में उसानास फ़ाउण्डेशन की निदेशक डॉ. अनीता जैन ने फ़ाउण्डेशन के उद्देश्यों की जानकारी दी और बताया कि जम्मू कश्मीर के राज्यपाल के सलाहकार रहे डॉ. अभिनव पण्ड्या की पुस्तक का यह तीसरा संस्करण हैं।



केन्द्रीय पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में डॉ. अभिनव पण्ड्या की शोध पुस्तक का विमोचन किया।

# बीकानेर और श्रीगंगानगर बॉर्डर पर एंटी ड्रोन सिस्टम और जैमर लगाया

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर और श्रीगंगानगर बॉर्डर पर ड्रोन से हेरोइन तस्करी को रोकने के लिए चार बीओपी पर एंटी ड्रोन सिस्टम और एक जैमर लगाया गया है। अब तस्करों को पकड़ने के लिए सड़कों पर 266 सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी की जा रही है।

बीकानेर से सटी भारत–पाक सीमा पर तीन साल में 18.53 किलो हेरोइन, 26.88 किलो अफीम, 56910 टर्माडोल, हथियार और सात संदिग्ध पकड़े जा चुके हैं। पिछले दिनों नीलकंठ बीओपी एरिया में 11 करोड़ की हेराइन मिली थी। इस मामले में छह तस्कारों को पकड़ा गया था, जिसमें तीन पंजाब के थे। हेरोइन तस्करी की ज्यादा घटनाएं अनूपगढ़ और श्रीगंगानगर बॉर्डर एरिया में हो रही हैं। इन सभी पर कड़ी निगरानी रखने और तस्करों को पकड़ने के लिए रेंज के आईजी ओमप्रकाश ने 266 सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रस्ताव सरकार को भेजे हैं। यह कैमरे बॉर्डर के गांवों के अलावा भारतमाला पर भी लगाए जाएंगे। इन कैमरों से दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों पर पर नजर रहेगी। वारदात होने पर उन्हें जल्दी ट्रैस कर पकड़ा जा सकेगा। हालांकि हेरोइन तस्करी रोकने के लिए चार सीमा चौकियों पर एंटी ड्रोन सिस्टम लगाया गया है। इसके अलावा एक स्थान पर जैमर भी लगाया है। पाक ड्रोन उसकी रेंज में आने के बाद बेअसर होकर नीचे गिर जाता है।

- **हेरोइन तस्करी को रोकने के लिए मददगार साबित होंगे एंटी ड्रोन सिस्टम और जैमर**

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत राजस्थान की पश्चिमी सरहद के इलाकों के रहने वाले युवा भी पाक की नापाक हरकतों को रोकने में बीएसएफ के मददगार बन रहे हैं। बॉर्डर के 5 गांवों के 80 युवाओं को प्री रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग के जरिए केंद्रीय सुरक्षा बल और केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बलों में जाने की राह दिखाई जा रही है। इसकी जिम्मेदारी बीएसएफ में तीन बटालियनों को दी गई है। अलादीन, 33केजेडी गांव 114 बटालियन, गोकुलगढ़ 124 बटालियन, 16 केएनडी और 21 केएनडी के युवाओं को 140 बटालियन के जवान ट्रेनिंग दे रहे हैं। इस दौरान युवाओं को रोज सुबह फिजिकल एक्सरसाइज, योगासन के बाद जनरल अवेयरनेस, मेंटल एप्टिट्यूड, मैथेमेटिक्स, कंप्यूटर, इंग्लिश ग्रामर भी पढ़ाई जाती है। इनमें स्कूल, कॉलेज छात्रों के अलावा वे युवा भी हैं, जो सेना में भर्ती होने या सरकारी नौकरी पाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। बीएसएफ बीकानेर सेक्टर के डीआईजी अजय लूथरा ने बताया कि सिविक एक्शन प्रोग्राम सालभर चलता है, जिसमें गांव के स्कूली बच्चों को अध्ययन सामग्री और खेलकूद के लिए किट दिए जाते हैं। उसी के तहत इन युवाओं को भी स्पोर्ट्स किट और स्टडी मेटेरियल दिया गया है।

## राशिफल गुरूवार 17 अक्टूबर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

अश्विन मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, रेवती नक्षत्र सायं 4:20 तक, हर्षण योग रात्रि 1:42 तक, विष्टि करण प्रात: 6:48 तक, चन्द्रमा आज सायं 4:20 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–मीन, मंगल–मिथुन, बुध–तुला, गुरू–वृष, शुक्र–वृश्चिक, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन–रात है। भद्रा प्रात: 6:48 तक है। आज कार्तिक संक्रांति सूर्य तुला में प्रवेश प्रात: 7:42, पूण्य काल 2:07 तक है। पंचक सायं 4:20 पर समाप्त होंगे। आज सत्य व्रत, कार्तिक स्नान आरम्भ होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:54 तक, चर 10:47 से 12:14 तक, लाभ–अमृत 12:14 से 3:07 तक, शुभ 4:14 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:31, सूर्यास्त 5:53

### मेष



घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मानसिक तनाव और भय बना रहेगा।

### वृष




व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

### मिथुन




व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

### कर्क



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### कन्या




परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### तुला



स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक



व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### धनु



घर–परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर




व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

### कुंभ



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक मामलों में उचित परामर्श मिलेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### मीन



व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने म्यूनिख यात्रा में बड़ी कम्पनियों के अधिकारियों के साथ बैठकों में भाग लिया। उन्हें जर्मनी में राजस्थान के लिये निवेश आमंत्रित करने में उल्लेखनीय सफलता मिली है।*

# वेलनैस टूरिज़्म-एडवैंचर टूरिज़्म के लिये द्वार खोलेंगे- भजनलाल

## म्यूनिख में आखिरी दिन फ्लिक्सबस कम्पनी के राजस्थान में विस्तार का एम.ओ.यू. साइन हुआ

- **जर्मनी की तीन दिन की व्यस्त व सफल यात्रा के बाद मुख्यमंत्री का प्रतिनिधिमंडल लंदन पहुँचा, जहाँ 16 से 19 अक्टूबर को बड़ी कम्पनियों, कारोबारियों व प्रवासी राजस्थानियों से सम्पर्क होगा।**
- **ऑटोमोटिव कॉम्पोनैंट कम्पनी, वेडली टेक्निकल जी.एम.बी.एच. की महाराष्ट्र में एक इकाई है। रोड शो के दौरान कम्पनी की दूसरी इकाई राजस्थान में लगाने का एम.ओ.यू. हुआ।**

म्यूनिख, 16 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी जर्मनी यात्रा के तीसरे दिन आज ट्रैवल-टैक कंपनी फ्लिक्स बस के म्यूनिख (जर्मनी) स्थित मुख्यालय का दौरा किया और इसके आला अधिकारियों से बातचीत की। फ्लिक्स बस कंपनी के सह-संस्थापक और सीईओ आंद्रे श्वाम्लेन, और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मैक्स ज़्यूमर के साथ हुई इस बैठक में दोनों पक्षों के बीच राजस्थान में निवेश करने और राज्य के अंदर कंपनी के परिचालन के विस्तार हेतु एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किया गया।

फ्लिक्स बस परिवहन क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी है और राजस्थान में इसका पहले से कारोबार है। इस कंपनी के साथ हुई साझेदारी का उद्देश्य राज्य में ट्रांसपोर्ट कनैक्टिविटी को बढ़ाना, परिवहन सेवाओं में सुधार करना और राज्य के आर्थिक विकास में योगदान देना है, ताकि रोजगार के नए अवसरों का निर्माण हो सके।

इस मीटिंग के साथ ही, "राइज़िंग राजस्थान" ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024, के तहत जर्मनी के निवेशकों से सीधे आउटरीच का दौर आज समाप्त हो गया और इसके बाद, राज्य सरकार का यह प्रतिनिधिमंडल अब इंग्लैंड की राजधानी लंदन के लिए रवाना हो गया है। लंदन में 16 से 19 अक्टूबर तक के प्रवास के दौरान, मुख्यमंत्री शर्मा और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य वहां की बड़ी कंपनियों, कारोबारियों और कॉरपोरेट्स से मुलाकात करेंगे, "राइज़िंग राजस्थान" लंदन इन्वेस्टर मीट में हिस्सा लेंगे और प्रवासी राजस्थानी समुदाय से मुलाकात करेंगे।

इससे पहले, कल देर रात (म्यूनिख के समयानुसार), राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जर्मनी के म्यूनिख शहर में "राइज़िंग राजस्थान" टूरिस्ट मीट में राज्य सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया और मोबिलिटी, इंजीनियरिंग, कन्सल्टिंग, ऑटोमोटिव और स्वास्थ्य क्षेत्रों की प्रमुख जर्मन कंपनियों से मुलाकात की।

ऑटोमोटिव कंपोनेंट बनाने वाली कंपनी वेउली टेक्निक्स जीएमबीएच के साथ बैठक के दौरान राजस्थान में इस क्षेत्र में उपलब्ध निवेश अवसरों पर बातचीत की गई।

कंपनी की महाराष्ट्र में पहले से ही एक इकाई है और कल म्यूनिख में आयोजित निवेशक रोड शो के दौरान इसने राजस्थान में अपनी दूसरी ऑटोमोटिव पार्ट्स निर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के साथ एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किया है।

म्यूनिख में कल देर शाम आयोजित विशेष राइजिंग राजस्थान पर्यटन मीट में बोलते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, -किलों और महलों के अलावा राजस्थान के अदंर पर्यटन के कई नए द्वार खोले जा रहे हैं और प्रदेश के अंदर लग्ज़री रिसॉर्ट्स, इको-फ्रेंडली रिसॉर्ट्स, वेलनेस टूरिज्म और एडवैंचर टूरिज़्म जैसे पर्यटन के कई क्षेत्र में अपार अवसर हैं। हम ग्रीन टूरिज़्म को बढ़ावा दे रहे हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा, पर्यटन क्षेत्र राजस्थान की अर्थव्यवस्था के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है। ऐतिहासिक किलों और मनमोहक महलों से लेकर विशाल बाघ अभयारण्यों और वन्यजीव अभयारण्यों तक, राज्य में एक पर्यटक को मिलने वाले अनुभवों की विविधता वास्तव में असाधारण है। मैं इस अवसर पर आप सभी को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का हिस्सा बनने और राजस्थान की विशेषताओं का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करती हूँ।

निवेशक रोड शो के दौरान राजस्थान सरकार ने एल्बट्रॉस प्रोजेक्ट्स, फ्लिक्सबस, पार्टेक्स एनवी, वेउली टेक्निक्स जी.एम.बी.एच. और इंगो श्मिट्ज सहित कई जर्मन फर्मों के साथ एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किया।

मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के अलावा जर्मनी और इंग्लैंड के दौरे पर गए इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) शिखर अग्रवाल, राजस्थान के डिस्कॉम्स की अध्यक्ष और जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा, उद्योग विभाग और ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट्स (बीआईपी) के आयुक्त रोहित गुप्ता और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

## नायब सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री रहेंगे

पंचकूला, 16 अक्टूबर। हरियाणा में नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। बुधवार (16 अक्टूबर) को पंचकूला में भाजपा विधायक दल की मीटिंग में उन्हें नेता चुना गया। मीटिंग में विधायक कृष्ण बेदी ने नायब सैनी के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका अनिल विज और आरती राव ने समर्थन किया। फिर सभी विधायकों ने नायब सैनी के नाम पर सहमति दे दी।

इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने नायब सैनी के सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। शाह ने कहा-हरियाणा की स्थापना से लेकर अब तक कोई भी पार्टी लगातार तीसरी बार सफल नहीं हुई। युवा नायब सैनी के नेतृत्व में हमारी पार्टी तीसरी बार चुनाव जीती है। शाह के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी ऑब्ज़र्वर के तौर पर मौजूद रहे।

- **अमित शाह ने सर्वसम्मति से नायब सैनी के विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की।**

इसके बाद नायब सैनी ने अमित शाह के साथ राजभवन जाकर गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। साथ ही 3 निर्दलीय विधायकों द्वारा दिए गए समर्थन का पत्र सौंपा।

कल गुरुवार को 11 बजे पंचकूला के शालीमार ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह होगा।

इसमें पी.एम. नरेंद्र मोदी समेत भाजपा और एन.डी.ए के सहयोगी दलों के शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत 37 नेता मौजूद रहेंगे। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 48 सीटें जीती हैं, जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# हरियाणा में प्रचंड बहुमत पर शाह ने पूनिया को बंधाई दी

## प्रधानमंत्री शपथ ग्रहण समारोह के लिये 17 का पंचकुला आयेंगे



*पंचकुला में हरियाणा भाजपा कार्यालय में पहुंचते ही गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया को हरियाणा में भाजपा के प्रचंड बहुमत के लिये बधाई दी।*

पंचकूला/जयपुर, 16 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा में प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनने पर देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया को भाजपा कार्यालय पंचकुला (हरियाणा) में बहुत-बहुत बधाई दी, वहीं, सतीश पूनिया ने अमित शाह का आभार जताया और उन्हें हरियाणा जीत की बधाई दी।

अमित शाह के भाजपा कार्यालय पंचकुला (हरियाणा) आगमन पर भाजपा हरियाणा प्रभारी व भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने उनका स्वागत व अभिनंदन किया और हरियाणा में प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनने की बधाई दी।

- **भाजपा के हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा, यह प्रयास किये जायेंगे कि हरियाणा देश में सुशासन का रोल मॉडल बने।**

पूनिया ने पंचकुला में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि, यह चुनाव हरियाणा और देश के लिए खास था। हरियाणा के लोगों ने भाजपा को अच्छा बहुमत एवं आशीर्वाद दिया। हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि हरियाणा में अच्छा शासन हो, हरियाणा को अच्छी नीतियाँ दी जाएं और हरियाणा देश में सुशासन का रोल मॉडल बने। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 अक्टूबर को हरियाणा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पंचकुला पधारेंगे, जिनको सुनने-देखने भारी संख्या में हरियाणा के कार्यकर्ता व आमजन आएंगे। ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का सतीश पूनिया और भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने दशहरा मैदान पहुंचकर जायजा लिया।

## उमर अब्दुल्लाह के शपथ ग्रहण...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कि कांग्रेस इस सरकार को बाहर से समर्थन दे रही है। नैशनल कॉन्फ्रेंस ने गठबन्धन में किसी प्रकार की दरार से इनकार किया है।

शपथ-ग्रहण समारोह इंडिया ब्लॉक के संयुक्त चेहरे का साथी रहा। श्रीनगर में आयोजित शपथ-ग्रहण समारोह में इंडिया ब्लॉक के अनेक नेता उपस्थित थे। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे तथा प्रियंका गांधी के अतिरिक्त, कांग्रेस के अन्य बड़े नेता भी शपथ-ग्रहण समारोह में मौजूद थे। इनके अतिरिक्त, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी नेता प्रकाश कारत तथा भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी नेता डी. राजा भी समारोह में शरीक हुए। सांसद कनीमोई करुणानिधि तथा सुप्रिया सुले भी समारोह में उपस्थित थे।

चूँकि केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा में मुख्यमंत्री सहित, केवल 9 मन्त्री ही हो सकते हैं, इसलिए नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कांग्रेस को एक से अधिक कैबिनेट मन्त्री देना नहीं चाहा।

हाल ही में चुनावों में, कांग्रेस बहुत बुरा प्रदर्शन करते हुए, 90-सदस्यीय विधान सभा में केवल 6 सीटें ही जीती थीं, जबकि 2014 के विधानसभा चुनावों में उसके पास 12 सीटें थीं। कांग्रेस को सन्तुष्ट करने के लिए, एन.सी. ने जम्मू-कश्मीर की 4 खाली राज्यसभा सीटों में से एक सीट कांग्रेस को प्रस्तावित की है।

जब उमर ने गठबन्धन की स्थिति के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, "एन.सी. - कांग्रेस गठबन्धन के अन्दर आखिर कोई भी मुद्दा क्यों होगा? अगर कोई मुद्दा होता, तो खड़गे, राहुल तथा कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता समारोह में यहाँ नहीं आते।"

उमर ने दृढ़तापूर्वक कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी गठबन्धन की ताकत को प्रदर्शित करती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, "हम(मिलकर) जनता के लिए काम करेंगे।"

## न्याय की ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है कि अब कानून अंधा नहीं है।

दरअसल, यह सब कवायद सी.जे.आई. डी.वाय. चंद्रचूड़ ने की है। उनके निर्देशों पर न्याय की देवी में बदलाव कर दिया गया है। ऐसी ही स्टैच्यू सुप्रीम कोर्ट में जजों की लाइब्रेरी में लगाई गई है।

## अचानक क्यों ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

होती हैं। एयरलाइन्स जिन विमानों को इस्तेमाल करती है उनका जल्दी ही दूसरा फेरा करती हैं अर्थात विमान डैस्टिनेशन पर पहुंचने के साथ ही वापसी के लिए भी तैयार हो जाता है। अगर बम की धमकी और संदेह के आधार पर इन्हें रोका जाएगा तो इनकी सेवाएं बाधित होगी।

बार-बार ऐसी कॉल्स आना इस व्यवसाय के लिए शुभ नहीं है ऐसा लगता है यह भारतीय एविएशन सैक्टर की सेवाओं को बाधित कर सकता है जो कि तेजी से बढ़ रहा है।

एयरलाइन्स नए विमान खरीद रही है ताकि तेजी से बढ़ती घरेलू मांग को पूरा कर सकें। भारत से विदेश जाने वाली उड़ानों की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है। सुरक्षा के मुद्दे पर भारतीय एयरलाइन्स की साख खराब करने से इनकी विस्तार की योजनाओं में अडंगा लग सकता है।

## मैसूर अरबन ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

स्टेशन पर हमला करने वाले तथा दंगे शुरू करने वाले ए.आई.एम.आई.एम. समर्थकों के विरुद्ध चल रहे मुकदमे वापस लिए जाने के बाद "तुष्टीकरण की राजनीति" का आरोप लगाते हुए सरकार के विरुद्ध अभियान तेज कर दिया है।

भाजपा इस बात पर जोर दे रही है कि इस तरह के नृशंस अपराधिक मुकदमे जो यू.पी.ए. के तहत दर्ज हैं, वापस लेना असंवैधानिक है। वहीं कांग्रेस का कहना है कि गरीबों के लिए काम करने वालों के केस ही वापस लिए गए हैं।

कांग्रेस तो आरोप लगा रही है कि भाजपा ने साम्प्रदायिक हिंसा से संबंधित वो केस वापस लिए थे, जिनमें कथित रूप से संघ परिवार से संबद्ध लोग शामिल थे।

भाजपा नेता, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने की योजना बना रहे हैं, कर्नाटक के भ्रष्ट व हिन्दू विरोधी मुख्यमन्त्री को हटाने की मांग करने के लिए।

## कैनडा ने भारत पर प्रतिबंध...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जवाबी कार्यवाही करेगा। भारत भी कैनडा पर व्यापारिक प्रतिबंध लगा सकता है। इससे न केवल तनाव बढ़ेगा बल्कि द्विपक्षीय व्यापार को भारी नुकसान पहुंचेगा। इससे भारत में रह रहे कैनडियन नागरिकों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा, इससे यहां उनके लिए संभावनाए कम हो सकती है। उनके घूमने-फिरने पर रोक भी लग सकती है। कैनडा की इस तरह की कार्यवाही से भारत विकल्प के रुप में अन्य देशों से मजबूत संबंध बना सकता है। खासकर साउथ एशिया के देशों के साथ रिश्ते बेहतर कर सकता है। इससे कैनडा उन क्षेत्रों में पूरी तरह अकेला पड़ जाएगा, जहाँ भारत की अहम भूमिका है।

उल्लेखनीय है कि कैनडा को भारत पर सीमित बढ़त ही प्राप्त है क्योंकि भारत के फॉरैन डायरैक्ट इनवैस्टमैंट में कैनडा की भागीदारी मात्र 0.57 प्रतिशत ही है। इसके अलावा हाल ही में कैनडा का आर्थिक प्रदर्शन भी कमज़ोर रहा है। वर्ष 2022 की चौथी तिमाही और 2023 की तीसरी तिमाही में कैनडा की ग्रोथ कम हुई थी। इस संदर्भ में कैनडा भारत पर मजबूत प्रतिबंध नहीं लगा सकता है, अगर ऐसा किया तो कैनडा को ज्यादा नुकसान होगा, क्योंकि यह अपने ऊर्जा बाज़ार को विविधता प्रदान करना चाहता है इसके लिये ट्रेडिंग पार्टनर के रूप में कैनडा को भारत की जरूरत होगी।

प्रतिबंधों से एग्रीकल्चर के क्षेत्र में कैनडा को ऑस्ट्रेलिया से मात भी मिल सकती है। अगर भारत को कैनडियन उत्पादों को छोड़ना पड़ा तो दूसरे देशों के उत्पादों के विकल्प है। चूंकि, प्रतिबंधों की संभावना देता कैनडा को आर्थिक, कूटनीतिक व रणनीतिक स्तर पर भारी कीमत चुकानी होगी।। वर्तमान में कैनडा की जो आर्थिक स्थिति है उसे देखते हुए यह किसी भी देश द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है।

## बम की धमकी:...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

एयरपोर्ट्स पर सिक्योरिटी बढ़ाई गई है।

लगातार मिल रही धमकियों के बीच केंद्र ने बुधवार को फ्लाइट्स में एयर मार्शलों की संख्या को दोगुना करने का फैसला किया है। ये विमान में सादे कपड़े में रहेंगे। इसके अलावा गृह मंत्रालय ने एविएशन मिनिस्ट्री से रिपोर्ट मांगी है।

एयरलाइंस को धमकी भरे मैसेज भेजने के मामले में बुधवार को एविएशन मिनिस्ट्री ने संसदीय समिति को जवाब दिया। मिनिस्ट्री ने कहा कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और एक्शन लिया जा रहा है। साथ ही कहा कि और ज्यादा जानकारी इकट्ठा की जा रही है और ऐसे कई मामलों पर कदम उठाया जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सभी साइबर यूनिट्स को धमकी देने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स को ट्रैक करने का निर्देश दिया गया है। इनमें से ज्यादातर अकाउंट विदेश से चल रहे हैं।

# केन्द्रीय कर्मचारियों का तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ा

## दीपावली से पहले केन्द्र सरकार की घोषणा से केन्द्रीय कर्मचारियों को राहत मिलेगी

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। केन्द्र सरकार ने दीपावली से पहले कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत का इजाफा किया है। तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी से अब कुल महंगाई भत्ता 50 से बढ़ कर 53 प्रतिशत हो जाएगा। दीपावली से कुछ हफ़्ते पहले आज सुबह कैबिनेट की बैठक में यह फ़ैसला लिया गया। त्योहारी सीज़न के बीच केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए यह बड़ी राहत है। सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी के लिए मुआवज़ा दिया जाता है।

- **एक आकलन के अनुसार, एन्ट्री लैवल सरकारी कर्मचारी के मूल वेतन में मासिक आधार पर 540 रूपये की बढ़ोतरी की संभावना है।**

बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल बैठक के दौरान महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को अपनी मंजूरी दे दी है। इस बढ़ोतरी के बाद डी.ए. मूल वेतन का 50 प्रतिशत से बढ़ कर 53 प्रतिशत हो गया है। संशोधित डी.ए 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होगा।

## मदार में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बढ़ गई है।

उल्लेखनीय है कि, दो दिन पहले, 14 अक्टूबर को उदयपुर के आबादी इलाके से 7 किमी दूर बडी गांव में जब एक बाड़े में घुस कर पैंथर ने बछड़े को मारा तब एक महिला ने उसे शिकार करते हुए देख शोर मचाया, तो पैंथर भाग निकला। अब संभावना जताई जा रही है बडी गांव और बडगांव में मवेशियों पर हमला करने वाला पैंथर एक ही है।

## नाबालिग ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के गवाह के तौर पर पीड़ित पक्ष ने आरोपों को दोहराया। अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसे प्रकरण में फंसाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा सुनाई है।

## बकाया गुजारा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गलौच की। पति आए दिन उससे मारपीट करता और पीहर से रुपए लेकर आने के लिए दबाव डाला। उसने जब पति व ससुराल वालों का विरोध किया तो उसे मारपीट कर घर बाहर निकाल दिया, लेकिन घरवालों ने समझाकर उसे वापस ससुराल भेज दिया। फिर, 18 मई 2018 को, कार की मांग पूरी नहीं करने पर मारपीट कर उसे वापस निकाल दिया। प्रार्थिया ने पति से गुजारा भत्ता दिलवाए जाने के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर कर कहा कि वह 60-70 हजार रुपए हर महीने कमाता है। इसलिए उसे भी दैनिक खर्च के लिए 20 हजार रुपए गुजारा भत्ता दिलवाया जाए। कोर्ट ने इस मामले में 10 जनवरी 2021 को आदेश जारी कर प्रार्थिया को हर महीने 8000 रुपए गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिए, लेकिन पति ने आदेश का पालन नहीं किया।

# नेताओं की सुरक्षा एन.एस.जी. की जगह सी.आर.पी.एफ. के जवान करेंगे

## संसद की सुरक्षा में लगे सी.आर.पी.एफ. जवानों को विशेष ट्रेनिंग के बाद वी.आई.पी. सुरक्षा में लगायेंगे

- **देश में इस समय राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, अडवाणी, मायावती, सोनोवाल, रमन सिंह, गुलाम नबी आजाद, फारुख अब्दुल्ला और चन्द्रबाबू नायडू की सुरक्षा में एन.एस.जी. के कमांडो लगे हुए हैं।**

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। केंद्र सरकार ने बुधवार को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एन.एस.जी.) को वी.आई.पी. सिक्योरिटी से हटाने का फैसला लिया है। इनकी जगह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.) के जवान लेंगे। अगले महीने से आदेश लागू हो जाएगा।

पार्लियामेंट की सिक्योरिटी में लगे रिटायर्ड सी.आर.पी.एफ. जवानों को स्पेशल ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्हें वी.आई.पी. सिक्योरिटी विंग में भेजा गया है। इसके लिए नई बटालियन बनाई गई है। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद ये जवान वी.आई.पी. सुरक्षा में तैनात होंगे।

सी.आर.पी.एफ. के पास पहले से 6 वीआईपी सिक्योरिटी बटालियन मौजूद हैं। नई बटालियन के साथ ये कुल सात बटालियनें हो जाएंगी।

देश में इस समय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ समेत 9 नेता ऐसे हैं, जिनकी सिक्योरिटी एन.एस.जी. के ब्लैक कैट कमांडो करते हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, बसपा सुप्रीमो मायावती, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम रमन सिंह, जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद, एनसी नेता फारूक अब्दुल्ला और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सुरक्षा में एन.एस.जी. कमांडों तैनात हैं। अब इनके पास से ये कमांडो हट जाएंगे। सी.आर.पी.एफ. सिक्योरिटी विंग कमान संभालेगी। एन.एस.जी. सिक्योरिटी वाले 9 नेताओं में से राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ के पास एडवांस्ड सिक्योरिटी लाइसन (ए.एस.एल.) प्रोटोकॉल है, जिसे अगले महीने से सी.आर.पी.एफ. टेकओवर कर लेगा।

सी.आर.पी.एफ. अभी तक ए.एस.एल. का काम गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, चीफ मोहन भागवत और गांधी परिवार के तीनों सदस्यों के लिए करती थी।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू कैनडा को भारत विरोधी जानकारी देता था

कनाडा, 16 अक्टूबर। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने बुधवार को कैनडा न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कई खुलासे किए। उसने कहा कि कैनडा को भारत के खिलाफ जानकारियां दी हैं। उसका आतंकी संगठन "सिख फॉर जस्टिस" पिछले 2 से 3 सालों से कैनडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ संपर्क में है। उसने भारतीय उच्चायोग के खुफिया नेटवर्क के बारे में ट्रूडो को जानकारी दी है। पन्नू फिलहाल अमेरिका में रहता है और सिख फॉर जस्टिस नाम का संगठन चलाता है। उसके पास अमेरिका और कैनडा दोनों देशों की नागरिकता है।भारत से विवाद के बीच कैनडा की पार्टी के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह ने भारतीय अधिकारियों पर प्रतिबंध की मांग की है। जगमीत सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि हम भारतीय राजनियकों पर प्रतिबंध की मांग करते हैं। जगमीत की पार्टी पिछले महीने तक कैनडा की सरकार में शामिल थी।

- **कैनडा चैनल को इन्टरव्यू में पन्नू ने स्वीकारा कि 3 साल से टूडो से सम्पर्क में था।**

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600

# सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले को गुरुग्राम से पकड़ा

## आरोपी ने बेरोजगार युवकों को सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी की थी

**जयपुर/निवाई।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर बेरोजगार युवकों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर फर्जी जॉइनिंग लेटर थमा लाखों रुपए की ठगी करने वाले शातिर ठग दीपक कुमार मीणा पुत्र लल्लू राम (34) निवासी गढवास कोहरा मलावली थाना लक्ष्मणगढ़ (जिला अलवर) को गुरुग्राम से डिटेन कर लिया, जिसे बाद में अग्रिम कार्रवाई के लिए टोंक जिले की बरौनी पुलिस को सौंपा गया। आरोपी पर टोंक एसपी द्वारा 25 हजार का इनाम घोषित है।

अतिरिक्त महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि प्रदेश में सक्रिय गैंगस्टर हार्डकोर बदमाशों एवं लंबे समय से फरार चल रहे इनामी अपराधियों की धरपकड़ एवं आसूचना संकलन के लिए उप महानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में एजीटीएफ की टीमों को प्रदेश के अलग-अलग शहरों में भेजा गया है। इसी क्रम में पुलिस उप निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 25 हजार के इनामी दीपक मीणा को गुरुग्राम से डिटेन किया गया।

साल 2021 में परिवादी देवी शंकर कीर और विजय सिंह कीर निवासी मुख्तयार नगर थाना बरौनी टोंक ने एक रिपोर्ट थाना बरौनी पर दर्ज कराई कि दीपक कुमार मीणा, मनराज कीर व हंसराज कीर ने एफसीआई एवं भारतीय डाक विभाग में भर्ती कराने के नाम पर फर्जी जॉइनिंग लेटर देकर 10 लाख 70 हजार रुपये अपने खाते में जमा करवा ठगी की है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर बरौनी पुलिस ने अनुसंधान के दौरान आरोपी मनराज व हंसराज निवासी मुख्त्यार नगर को गिरफ्तार कर लिया था। मुल्जिम दीपक मीणा प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही फरार हो गया। प्रकरण दर्ज होने के बाद ही मुख्य अभियुक्त दीपक मीणा अपने निवास स्थान से फरार हो गया। फरारी के दौरान भी बेरोजगार युवकों से अपनी टीम के माध्यम से ठगी का कार्य कर रहा था। मुल्जिम दीपक बहुत ही शातिर किस्म का है। वह ना तो अपने पास मोबाइल रखता है और ना ही किसी सोशल मीडिया का प्रयोग करता है। आरोपी अपने साथी सदस्य के मोबाइल से ही सोशल मीडिया एप काम में लेता है। किसी भी टीम मेंबर को अपने साथ 10 से 15 दिन से ज्यादा नहीं रखता है। गांव से भागने के बाद मुल्जिम दीपक गुड़गांव, दिल्ली, पटना, कानपुर व अन्य शहरों में टीम के सदस्यों के साथ रहने लगा।



बरोनी पुलिस थाने में गिरफ्तार ठगी का आरोपी दीपक कुमार मीणा।

- आरोपी ने फर्जी जॉइनिंग लेटर देकर दो जनों से 10.70 लाख की ठगी की थी

दीपक मीणा शातिर किस्म का बदमाश है, मुल्जिम पिछले दो साल से अपने गांव भी नहीं आ रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी टोंक द्वारा 25 हजार का इनाम घोषित किया गया। एजीटीएफ टीम द्वारा इसकी गुड़गांव, दिल्ली, कानपुर व पटना में तलाश की गई। तलाश के दौरान एजीटीएफ टीम के हैड कांस्टेबल कमल डागर और हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि दीपक मीणा आज पालम विहार गुरुग्राम में किसी से मिलने आ रहा है। सूचना पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टीम के सदस्य कमल डागर, सुरेश कुमार व चालक श्रवण कुमार गुरुग्राम पहुंचे, जहां पर दीपक मीणा अपने टीम के किसी सदस्य से मिलने आया हुआ था, जिसे डिटेन किया जाकर पुलिस थाना बरौनी को सुपुर्द किया गया।

बेरोजगार लोगों से ठगी करने के लिए इस गिरोह ने विभिन्न शहरों में नेटवर्क फैला रखा है। गिरोह के सदस्य जयपुर, दिल्ली, गुड़गांव, पटना, कानपुर व अन्य शहरों में रहकर वहां पर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बेरोजगार व कमजोर वर्ग के छात्रों को बहला फुसलाकर कर सरकारी जॉब दिलाने के बहाने से राजी कर रुपये प्राप्त कर उन्हें फर्जी जॉइनिंग लेटर देते हैं। नौकरी ज्वाइन करने संबंधित विभाग के पास पहुंचने पर पीड़ित को ठगी का एहसास होता है। बरोनी थानाधिकारी मानवेन्द्रसिंह ने बताया कि आरोपी तीन साल से फरार था तथा पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। थानाधिकारी ने बताया कि अरोपी के दो साथी पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके है। पुलिस ने आरोपी मीणा को गुरूग्राम हरियाणा से गिरफ्तार किया है।

# भाबरु थाना पुलिस को लूट की झूठी सूचना देना महंगा पड़ा

## पुलिस ने पिकअप चालक व उसके साथी को नकदी सहित गिरफ्तार किया



लूट की झूठी सूचना देने के मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया।

**पावटा,** (निसं)। लूट की झूठी सूचना देना एक पिकअप चालक को महंगा पड़ गया। भाबरु थाना पुलिस ने चालक को गिरफ्तार करते हुए 10 लाख 52 हजार रुपये उसके पास से बरामद कर लिये।

- पिकअप चालक के कब्जे से 10.52 लाख रुपये बरामद किये

जानकारी देते हुए कोटपूतली-बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि भाबरु थाना पुलिस को फोन के जरिए सूचना मिली कि एक पिकअप गाड़ी चतरपुरा श्याम मंदिर के पास लावारिश हालात में खड़ी है। जिसका ड्राइवर साइड का शीशा टूटा हुआ है। जिस पर भाबरु थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी को सुरक्षार्थ भाबरु थाना परिसर में खड़ा करवाया। इसके बाद जानकारी जुटाने पर पिकअप चालक नेमीचंद व उसके साथी कानाराम ने अपने साथ अज्ञात बदमाशों द्वारा गाडी आडी लगाकर 10 लाख 52 हजार रुपये की धनराशि व मोबाइल लूट कर ले जाना बताया।

उसके बाद पिकअप गाड़ी मालिक विजय सैनी ने अपने पिकअप चालक व उसके साथी के खिलाफ लूट की झूठी घटना की सूचना देकर धनराशि हडपने का मामला पंजीबद्ध करवाया, जिस पर त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन में भाबरु थाना प्रभारी रविंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस द्वारा गहनता से अनुसंधान करते हुए मुल्जिम पिकअप चालक नेमीचंद पुत्र लच्छुराम निवासी सेपटपुरा व कानाराम पुत्र बाबूलाल निवासी बरवाड़ा को गिरफ्तार कर मालिक के हड़प की गई राशि बरामद कर मुल्जिमों को न्यायालय मे पेश कर सब जेल कोटपुतली भिजवाया गया।

## हादसों में दो जनों की मौत

**निवाई,** (निसं)। बरोनी थानान्तर्गत गांव कीरों की ढाणी चिरोंज के पास एक कार चालक ने एक बाइक के टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गया। बरोनी थानाधिकारी मानवेन्द्रसिंह ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब सात बजे सूरजमल वर्मा पुत्र गजानद वर्मा निवासी चिरोंज अपने खेत से कार्य करके मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर आ रहा था। इसी दौरान कीरों की ढाणी के पास पीछे से आ रही कार के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से चलाकर उसकी बाइक के टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। घायल को 108 एंबुलेंस से सआदत अस्पताल टोंक में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान बुधवार को उसने दम तोड़ दिया। वहीं बरोनी थाना क्षेत्र के सिरस रेलवे स्टेशन और नला गांव के बीच स्थित पोल संख्या 52/17 के सामने ट्रेन आगे आकर युवक धनराज बैरवा पुत्र मनोहर लाल बैरवा निवासी थाना बरोनी ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

# अनुसंधान में पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित नहीं, छेड़छाड़ का आरोपी दोषमुक्त

**जालोर,** (कासं)। पॉक्सो न्यायालय जालोर के विशिष्ट न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढ्य ने बुधवार को एक नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने अश्लील वीडियो वायरल करने के आरोपी को अनुसंधान अधिकारी द्वारा पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित नहीं करने से दोष मुक्ति किया गया। वहीं न्यायाधीश ने एक पीड़िता को अनुसंधान अधिकारी अजीतपालसिंह की लापरवाही के चलते न्याय नही मिलने से आईजी जयपुर को निर्देशित किया कि अनुसंधान अधिकारी को साईबर अपराध की जानकारी दी जाये।

- न्यायाधीश ने अनुसंधान अधिकारी को साईबर जानकारी कराने को लेकर आईजी को निर्देश दिये

प्रकरण के अनुसार पीड़िता की माता ने 2 मई 2024 को रामसीन पुलिस थाना में रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी पुत्री की इंस्टाग्राम आईडी पर बार बार मैसेज आने पर उसकी पुत्री ने उसे लड़की समझकर मित्रता कर इंस्टाग्राम पर मैसेज के जरिये बाते करने लगी। करीब तीन माह पूर्व उसकी पुत्री किराणा का सामान लेने गई हुई थी उस दौरान तीन व्यक्ति मुँह पर नकाब पहनकर तीन मोटरसाइकिल लेकर आये तथा उसकी पुत्री को कोई सुंधाकर अपहरण कर सुनसान जगह लेकर गये। वहां उसे डरा-धमका कर उसके अश्लील व आपत्तिजनक विडियो बनाये। इसके बाद अश्लील विडियो वायरल इंस्टाग्राम व यूट्यूब पर वायरल करने की धमकियां देकर छेड़छाड़ करने लगे। अभियुक्त ने उसकी लड़की के अश्लील वीडियो अन्य लोगों की आईडी पर वायरल कर उसे बदनाम कर दिया। वहीं अभियुक्त और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। साथ ही अश्लील फोटो व वीडियो डिलीट करने के एवज में पच्चीस हजार रूपये भी मांग रहा हैं। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बाद अनुसंधान आरोप न्यायालय में प्रस्तुत किया।

पॉक्सो न्यायालय जालोर के न्यायाधीश भूपेन्द्र कुमार सनाढ्य ने अनुसंधान अधिकारी अजितपालसिंह द्वारा इंस्टाग्राम आईडी के बारे में अनुसंधान नहीं करने से अश्लील वीडियो की बात अभियोजन पक्ष न्यायालय के समक्ष नहीं रख सका। जिसका लाभ अभियुक्त को मिलने पर अभियुक्त को दोषमुक्ति किया गया। वहीं अनुसंधान अधिकारी द्वारा सही अनुसंधान नहीं कर पर्याप्त साक्ष्य पत्रावली में नहीं रखने से अभियुक्त को लाभ मिला। इसके लिए न्यायाधीष ने पुलिस महानिदेशक जयपुर को निर्णय की प्रति इस निर्देश के साथ भेजी कि अनुसंधान अधिकारी अजितपालसिंह को साईबर अपराधों से संबंधित प्रकरणों के अनुसंधान के लिए राजस्थान पुलिस एकेडमी या अन्य किसी संस्थान में भिजवाया जाये। ताकि वह यह समझ पाये कि साईबर अपराधों के संबंध में किस प्रकार से प्रभावी अनुसंधान किया जाता है।

## लेपर्ड ने छह जनों को घायल किया

**टोंक,** (निसं)। एक खूंखार लेपर्ड (बघेरा) का कहर देखने को मिला। इस दौरान एक लेपर्ड ने खेत में काम कर रहे लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मंगलवार शाम खेत में काम कर रही युवती पर लेपर्ड (बघेरा) ने हमला कर दिया, इस बीच आसपास काम कर रहे लोग उसे बचाने दौड़े, तो लेपर्ड ने उन पर भी हमला कर दिया। फिलहाल दो घायलों को टोंक जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। सनसनी फैला देने वाला यह मामला जिले के देवली उपखंड के चांदसिंहपुरा पंचायत के ठिकरिया कला गांव का है।


**कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.)**

क्रमांक :- विद्युत/2024-25/81 दिनांक :- 15/10/2024

**निविदा सूचना विद्युत/2024-25/04 NIB Code : DLB2425A3381**

नगर परिषद् जैसलमेर की ओर से आपूर्तिकर्त्ता फर्म व नगर परिषद् जैसलमेर में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से विभिन्न आपूर्ति कार्यो हेतु ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाइन ई-निविदा से संबंधित कार्य की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि वेबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

उक्त कार्य के **UBN No. DLB2425A3381**

आयुक्त
नगर परिषद जैसलमेर

राज.संवाद/सी/24/6623



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, चंवली परियोजना नहर खण्ड झालावाड**

क्रमांक-/निविदा2024-25/लेखा प्रथम/1637-52 दिनांक-10.10.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 02 वर्ष 2024-25**

इस कार्यालय में राजस्थान के राज्यपाल की ओर से बांध एवं नहर के मरम्मत कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निवदा से संबंधित समस्त विवरण वैब साईट www.dipronlne.rajasthan.gov.in, www.waterresources.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।
1. WRD2425WSOB00842, 2. WRD2425WSOB00843, 3. WRD2425WSOB00844, 4. WRD2425WSOB00845, 5. WRD2425WSOB00846, 6. WRD2425WSOB00847, 7. WRD2425WSOB00848

(वीरेन्द्र सिंह)
चंवली परियोजना नहर खण्ड
झालावाड़ (राज.)

DIPR/C/9905/2024


# 500 किलो संदिग्ध मावा जप्त किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। "शुद्ध आहार मिलावट पर वार" अभियान के तहत भीलवाड़ा खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई को अंजाम देते हुए 500 किलो संदिग्ध मावा जब्त किया है।

- मावे का सैंपल लेते हुए जांच के लिए अजमेर भिजवाया

सीएमएचओ डॉ. सीपी गोस्वामी ने बताया कि खाद्य निरीक्षक टीम द्वारा शहर में स्थित रामा स्वीट्स पर आकस्मिक जांच की गई जिसमें मौके पर बड़ी मात्रा में संदिग्ध मावा मिला। मावे का सैंपल लेते हुए जांच के लिए अजमेर भिजवाया गया हैं वहीं टीम ने मावा जब्त कर अग्रिम कार्यवाही को अंजाम दिया। शहर के दीपावली पर्व को लेकर नकली और मिलावटी मावे की खपत बढ़ने की शिकायतें लगातार सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अभियान की शुरुआत की है। 500 किलो मावा जप्ती की कार्यवाही के बाद मिलावटखोर मिठाई व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।



भीलवाड़ा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संदिग्ध मावा जप्त किया।

## कोचिंग के वॉशरूम में सफाईकर्मी ने कैमरा लगाया

**कोटा,** (निसं)। शहर के कैथूनीपोल थाना इलाके के एक कोचिंग संस्थान के टॉयलेट में छिपाकर मोबाइल कैमरे से लड़कियों के वीडियो रिकॉर्ड करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने कई गर्ल्स के वीडियो भी इस दौरान रिकॉर्ड कर लिए। मंगलवार को इस मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद कोचिंग संस्थान ने पुलिस को सूचना दी।

कोटा सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन का कहना है कि आरोपी कोचिंग संस्थान में सफाईकर्मी है। इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उसके मोबाइल में कुछ वीडियो भी मिले हैं। पुलिस उप अधीक्षक तृतीय राजेश कुमार टेलर का कहना है कि आरोपी से फिलहाल पूछताछ की जा रही है। आरोपी मोबाइल को कब से वॉशरूम में जाकर रख रहा था यह भी जांच का विषय है। प्रारंभिक तौर पर यह सामने आया है कि वह दो-तीन दिन से मोबाइल वॉशरूम में रख रहा था।

इस संबंध में फॉरेंसिक जांच करवाई जाएगी जिससे साफ होगा कि मोबाइल में रिकॉर्डिंग कब से की जा रही थी। कोई वीडियो वायरल हुआ है या नहीं। इस पर डीएसपी टेलर का कहना है कि फिलहाल ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है। उसके मोबाइल में कुछ वीडियो जरुर मिले हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV.I JAISALMER**

No. EE/JSM-I/24-25/1278 Date: 10.10.2024

**NOTICE INVITING BID**
**Short Term NIT No. 10 Year 2024-25**

Bids for Various Building Mtc and Construction work are invited from interested bidders 14.10.2024 to 21.10.2024 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, htpp://sppp.raj.nic.in) of the state, and https://pwd.rajasthan.gov.in. The approcimate value of the procurement is Rs 158.28 Lacs
**NIB No. - PWD2425A2094**
**UBN No- 1. PWD2425WSOB07695, 2. PWD2425WSOB 07697, 3. PWD2425WSOB 07700, 4. PWD2425WSOB 07702 5. PWD2425WSOB 07705, 6. PWD2425WSOB 07707 7. PWD2425WSOB 07710**

(Bhakar Ram)
Executive Engineer
PWD Div.I Jaisalmer

DIPR/C/9888/2024



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला खण्ड जैसलमेर**

क्रमांक/अधि.अभि./निविदा/जैसल/2024-25/1522-32 दिनांक- 09.10.2024

**बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 6/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से जन स्वा. अभि. विभाग राजस्थान के अन्तर्गत इस खण्ड के अधीन विभिन्न सिविल एवं अन्य कार्यो हेतु अनुमानित लागत रु. 29.77 लाख के कुल 1 कार्य हेतु राजस्थान सरकार के अधीन पंजीकरण नियमों के तहत उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 22.10.2024 सायं 06.00 बजे तक डॉउनलोड की जाकर दिनांक 23.10.2024 को सायं 1.00 बजे बिड शुल्क, ई-प्रक्रिया शुल्क, धरोहर राशि का चालान भौतिक रूप से इस कार्यालय में जमा कर उसी दिनांक 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से संबंधित विवरण DIPR की वेबसाइट WWW.dipronline.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा संख्या 6/2024-25 का विभागीय वेबसाइट www.sppp.raj.nic.in से प्राप्त NIB NO-PHE2425A2431 निम्न प्रकार से है UBN NO. PHE2425WSOB05291

(प्रेम राम) अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
जिला खण्ड-जैसलमेर

DIPR/C/9872/2024


# जांच कमेटी ने रिश्वतकांड मामले में डॉ. महेश बैरवा को राहत देने की कोशिश की

## शिकायतकर्ता का आरोप है कि विभाग ने दोनों घूसखोर डॉक्टरों को बचाने के लिए भरसक प्रयास किए

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के सबसे बड़े महात्मा गांधी चिकित्सालय में गत दिनों डॉक्टर महेश बैरवा और डॉक्टर दिनेश बैरवा के द्वारा चलाए जा रहे इलाज के नाम पर अवैध वसूली और रिश्वतखोरी के रैकेट का खुलासा होने के बाद चिकित्सा विभाग में हड़कंप मच गया।

शिकायतकर्ता यश कुमार सिंधी का आरोप है कि विभाग ने दोनों घूसखोर डॉक्टरों को बचाने के लिए भरसक प्रयास किए और इसी का नतीजा है कि जांच कमेटी में शामिल डॉ. दिनेश बैरवा, डॉ. वीरेंद्र शर्मा और अन्य डॉक्टरों की टीम ने रिश्वत कांड को अंजाम देने वाले मुख्य डॉक्टर महेश बैरवा को मेडिकल परिस्थितियों का हवाला देते हुए सही ठहराते हुए राहत देने की कोशिश की है। हालांकि पीड़ित शिकायतकर्ता यश कुमार सिंधी ने जांच कमेटी की रिपोर्ट पर सवाल खड़े किए थे, उसके बावजूद मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल ने कमेटी की रिपोर्ट को सही मानते हुए अपने डॉक्टर महेश बैरवा को बचाने के लिए सही गलत का फर्क किए बिना ही सारे आरोपों को झुठला दिया।

जानकारी के अनुसार गत दिनों मांडलगढ़ निवासी शिकायतकर्ता यश कुमार सिंधी ने अपने पिता मुरलीधर सिंधी के पैर के ऑपरेशन के नाम पर 28 हजार रुपए की मांग करने की शिकायत डॉक्टर महेश बैरवा के खिलाफ दर्ज करवाई थी। शिकायत दर्ज करने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर वर्षा सिंह ने डॉक्टर दिनेश बैरवा, डॉक्टर वीरेंद्र शर्मा और एक अन्य डॉक्टर को शामिल कर तीन सदस्य जांच कमेटी का गठन किया।



डॉक्टर महेश बैरवा।

- आरोप है कि डॉक्टर महेश बैरवा को मेडिकल परिस्थितियों का हवाला देते हुए सही ठहराते हुए राहत देने की कोशिश की
- मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल ने कमेटी की रिपोर्ट को सही मानते हुए डॉक्टर महेश बैरवा को बचाने के लिए सारे आरोपों को झुठला दिया

टीम में शामिल सदस्य द्वारा ही पीड़ित को धमकाए जाने की शिकायत भी सामने आई, लेकिन विभाग ने जांच के नाम पर लीपापोती करने की नीयत से धमकी देने वाली कमेटी की जांच को ही सही मान लिया और पीड़ित के पक्ष को सुनना भी जरूरी नहीं समझा। पीड़ित ने लिखित बयानों में न सिर्फ डॉक्टर महेश बैरवा के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए बल्कि टीम में शामिल डॉक्टर दिनेश बैरवा पर भी सवाल खड़े किए थे, लेकिन विभाग ने आरोपों को दरकिनार करते हुए अपने डॉक्टर बैरवा ब्रदर्स को बचाने के लिए मेडिकल परिस्थितियों का हवाला देते हुए जांच के नाम पर लीपापोती कर ली।

अब इस मामले में एक और जहां पीड़ित यश कुमार सिंधी ने तथ्यों और सबूतों के आधार पर कानूनी प्रक्रिया अपनाने की शुरुआत कर दी है तो वहीं दूसरी ओर एक और अन्य पीड़ित आफताब मुल्तानी ने लिखित में कलेक्टर नमित मेहता, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ. वर्षा सिंह और पीएमओ एमजी हॉस्पिटल डॉ. अरुण गौड़ को डॉक्टर महेश बैरवा के खिलाफ शिकायत देकर विभाग की नींद उड़ा दी है। जिस घूसखोर डॉक्टर को बचाने के लिए विभाग जोर लगा रहा था, उसके खिलाफ लगातार मामले सामने आ रहे हैं, लगातार घूसखोर डॉक्टर बैरवा के खिलाफ शिकायतें आने के बावजूद डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा के नाम का बेजा इस्तेमाल करने वाले डॉ. बैरवा ब्रदर्स के खिलाफ कार्यवाही करने से करता रहा विभाग उल्टा उन्हें बचाने में जुटा हुआ है। अब मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल वर्षा सिंह आफताब की शिकायत पर दोबारा जांच कमेटी का गठन करने की बात कर रही है।


**UNIVERSITY OF RAJASTHAN, JAIPUR**
**DEPARTMENT OF PHYSICS**

**TENDER NOTICE**

**Offline Technical and Financial Bids are invited up to 22nd October 2024 at 3:00 pm for the provision of food and beverages for the International Conference ICMTP-2024 to be held from 21st November to 23rd November 2024 in the Department of Physics, University of Rajasthan, Jaipur, under the RUSA 2.0 project 6.0. The details of the tender can be viewed and downloaded in the Bidding Document available at our office or on the website: http://sppp.rajasthan.gov.in and www.uniraj.ac.in.**
**NIB No.: URA2425A0042, UBN No.: URA2425SSOB00125**

**Dr. Sarita Kumari**
**Convener ICMTP-2024**

**Prof. Mangej Singh**
**Chairperson ICMTP-2024**



**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262 वेबसाइट- www-udaipurmc.org

क्रमांक : एस.के./2024-25/2003 दिनांक :- 01.10.2024

**(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई-10/2024-25**

नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा व्हील बेरोज सप्लाई कार्य सप्लाई कार्य की वार्षिक दर संविदा हेतु कुल राशि रु0 22.67 लाख के कार्य हेतु MSME में पंजीकृत निविदाकारो से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 09.10.24 एवं अंतिम तिथि 21.10.24 तथा निविदा खुलने की तिथी 22.10.24 रहेगी। निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।

UBN No. UNP2425GLOB00119

आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर

राज.संवाद/सी/24/6522



ये आरोप बिल्कुल झूठे और गैर जिम्मेदाराना है। मैं अपनी प्रतिष्ठा और सम्मान पर किसी तरह की आंच आना बर्दाश्त नहीं करूंगा।
-काइलियान एमबाप्पे

फ्रांस के फुटबॉल स्टार, बलात्कार के मामले की जांच को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो



**स्टार** फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो गोल नहीं कर सके और पुर्तगाल ने नेशंस लीग में स्कॉटलैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला। पुर्तगाल ने क्रोएशिया, स्कॉटलैंड और पोलैंड से पहले तीन मैच जीते थे लेकिन ग्लासगो में तीसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। अब तक 133 अंतरराष्ट्रीय गोल कर चुके रोनाल्डो के पास कई मौके आये लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सके। पुर्तगाल इस ड्रॉ के बावजूद ग्रुप एवन में शीर्ष पर है जबकि क्रोएशिया दूसरे स्थान पर है। वहीं स्पेन ने सर्बिया को 3.0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। क्रोएशिया ने पोलैंड से 3.3 से ड्रॉ खेला।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।



## बारिश की भेंट चढ़ा पहले दिन का खेल, बेंगलुरु में टॉस तक भी नहीं हो सका

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार 16 अक्टूबर से तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज हो गया है। लेकिन बारिश के कारण बेंगलुरु के एम ए चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले टेस्ट का पहला दिन बाधित हो गया। यहां टॉस तक भी नहीं हो पाया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र का हिस्सा है।मौसम विभाग ने पूरे दिन बारिश की भविष्यवाणी की है, जिसके कारण भारतीय खिलाड़ी खुद को एक्टिव रहने के लिए इनडोर नेट्स में प्रैक्टिस कर रहे हैं। भारतीय टीम के खिलाड़ी विराट कोहली यशस्वी जायसवाल मैदान पर नजर आए थे। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक वह अपने किट के साथ इंडोर नेट्स में गए और कुछ समय बिताया। लंच के बाद भी बारिश होने के कारण पहले दिन का खेल रद्द करनापड़ा। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान दूसरे टेस्ट मैच में भी बारिश के कारण मैच तय नहीं हो सका। हालांकि, पहले दिन टॉस हुआ था और कुछ ओवर का मैच हुआ था लेकिन फिर दो दिन तक बारिश की वजह से खेल नहीं हो सकता था। लेकिन अंतिम दो दिन में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम किया था।

## अखिल श्योरण ने राईफल थ्री विश्वकप में कांस्य पदक जीता

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। अखिल श्योरण ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में चल रही आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल 2024 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन निशानेबाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया। 29 वर्षीय भारतीय निशानेबाज पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम का हिस्सा थे। नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग पोजीशन में 452.6 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अखिल श्योरण का पहला पदक था। हंगरी के इस्तवान पेनी (465.3) और चेकिया के जिरी प्रिवरात्स्की (464.2) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक हासिल जीते। भारत के चैन सिंह क्वालीफाइंग राउंड में 590-32 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। वह अखिल श्योरण से दो स्थान आगे थे। अखिल ने 589-35 का स्कोर किया था। क्वालीफाइंग राउंड के शीर्ष आठ निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर शिमर्ल ने क्वालीफाइंग राउंड में कुल 593-37 के साथ बढ़त हासिल की लेकिन फाइनल में 419.2 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहे। आईएसएसएफ विश्व कप में यह भारत का दूसरा पदक है।

## पाकिस्तान ने इंग्लैंड के 239 पर छह विकेट गिराकर मैच पर बनाई पकड़



मुल्तान, 16 अक्टूबर। पाकिस्तान ने साजिद खान (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन बुधवार को इंग्लैंड के 239 रन पर छह विकेट गिराकर मैच पर अपनी पकड़ बना ली हैं।

पाकिस्तान के 366 के स्कोर के जवाब में इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (114) के शानदार शतक की मदद से छह विकेट पर 239 बना लिए। इंग्लैंड अभी भी पाकिस्तान से 127 रन पीछे हैं। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों के पहले विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत की। 13वें ओवर में नौमन अली में जैक क्रॉली को रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। क्रॉली ने 27 रन बनाए। नये बल्लेबाज ऑली पोप को साजिद खान ने बोल्ड आउट कर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। उस समय इंग्लैंड का स्कोर 125 रन था। पोप ने 29 रन बनाए।

इसके बाद तीसरे विकेट के लिए बेन डकेट और जो रुट ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को 211 रनों तक पहुंचाया जहां साजिद ने रुट (34) को बोल्ड कर टीम को तीसरी सफलता दिलाई। स्कोर बोर्ड पर अभी 13 रन और जुडे ही थे कि डकेट (114) को साजिद ने सलमान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को चौथी सफलता दिलाई।

इसी ओवर की आखिरी गेंद पर साजिद ने पहले टेस्ट में मुल्तान के नये सुल्तान बने हैरी ब्रूक (नौ) रन पर बोल्ड आउट कर इंग्लैंड को पांचवा झटका दे दिया। नौमन अली ने अगले ही ओवर में कप्तान बेन स्टोक्स को शफीक के हाथों कैच आउट करा इंग्लैंड को संकट में डाल दिया। स्टोक्स (एक) रन बनाया। दिन का खेल समाप्ति के समय जेमी स्मिथ नाबाद (12) तथा ब्राइडन कार्स दो रन पर नाबाद रहे।

## आईओए हमारे सुझावों पर ध्यान नहीं देता : मैरीकॉम

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष महान मुक्केबाज एमसी मैरीकोम ने कहा है कि उन्होंने राष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सुझाव देना बंद कर दिया है क्योंकि उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया जाता। मैरीकोम उन 10 शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल थीं जिन्हें नवंबर 2022 में आईओए खिलाड़ी आयोग में चुना गया था। आईओए में इस समय खींचतान चल रही है जिसमें पदाधिकारियों का एक वर्ग अध्यक्ष पीटी उषा के कामकाज के तरीके पर सवाल उठा रहा है। उषा ने हालांकि अपने खिलाफ सभी आरोपों से इनकार किया है।आईओए में चल रहे सत्ता संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर मैरीकोम ने पीटीआई से कहा, ''मैं आईओए के कामकाज में शामिल नहीं हूं। हमने आईओए के साथ कई बातें साझा की, लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी। वे मेरे सुझावों को नहीं सुनते। मैं राजनीति नहीं जानती और मैं किसी को दोष नहीं देना चाहती।'' भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक से पदक के बिना लौटे और मैरीकोम इस नतीजे से बेहद निराश थीं। 41 वर्षीय मैरीकोम ने अफसोस जताया कि ओलंपिक से पहले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ में किसी ने उनकी मदद नहीं मांगी। उन्होंने कहा, ''मैं यह नहीं बता सकती कि क्या गलत हुआ क्योंकि उन्होंने मुझे आमंत्रित ही नहीं किया। वे मेरे अनुभव का इस्तेमाल कर सकते थे। मैं मुक्केबाजों को उनकी कमजोरियां और मजबूत पक्ष बता सकती हूं।'' लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकोम को लगता है कि जब तक कोचिंग संरचना में सुधार नहीं किया जाता तब तक पदक नियमित रूप से नहीं आएंगे।

## भारत के बिना चैम्पियंस ट्रॉफी के आयोजन का कोई विकल्प नहीं : ईसीबी

लंदन, 16 अक्टूबर। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी)के मुख्य कार्यकारी और अध्यक्ष रिचर्ड गोल्ड और रिचर्ड थॉम्पसन ने बुधवार को कहा कि भारत की भागीदारी के बिना चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन कोई विकल्प नहीं है।

थॉम्पसन ने कहा, भारत का चैंपियंस ट्रॉफी में न खेलना क्रिकेट के हित में नहीं होगा। यह देखना दिलचस्प है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल के पूर्व सचिव और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के प्रमुख जय शाह का इसमें बड़ा रोल रहने वाला है। वहां जमीनी राजनीति है और फिर क्रिकेट संबंधी जमीनी राजनीति है। मुझे लगता है कि वे कोई रास्ता निकाल लेंगे। उन्हें कोई रास्ता ढूंढना होगा।

उन्होंने कहा, जब ये दोनों देश एक-दूसरे के साथ खेलते हैं तो दुनिया के इस हिस्से में हमेशा सुरक्षा संबंधी चिंताएं बनी रहती हैं। संभवतः यही महत्वपूर्ण निर्णयों को संचालित करेगा। लेकिन मुझे पता है कि दोनों देशों के बीच रिश्ते इस समय उतने ही सौहार्दपूर्ण हैं। हमने इसे न्यूयॉर्क में पुरुष टी-20 विश्वकप में देखा था। गोल्ड और थॉम्पसन दुबई में आगामी आईसीसी बैठकों से पहले पाकिस्तान में हैं और इंग्लैंड के दूसरे टेस्ट मैच के दौरान मुल्तान में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। गोल्ड ने कहा कि राजस्व स्त्रोत के रूप में प्रसारण अधिकारों पर क्रिकेट की निर्भरता ने सुनिश्चित किया कि भारत और पाकिस्तान दोनों इसमें शामिल होंगे।

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम के ड्रेसिंग रूम में भारत का नाम लिया तो लग जाएगा बैन : हारिस

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। राजनीति और क्रिकेट मैदान पर भारत और पाकिस्तान एक दूसरे के कड़े प्रतिद्वंद्वी हैं। भारत फैंस पाकिस्तान के खिलाफ हार बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं तो वहीं पाकिस्तान फैंस के लिए भारत के खिलाफ जीत दर्ज करना बहुत बड़ी बात हो जाती है। पाकिस्तान ए के कप्तान मोहम्मद हारिस ने बताया कि उनके टीम के ड्रेसिंग रूप में भारत का नाम लेना बैन है।एमर्जिंग एशिया कप में पाकिस्तान ए की कप्तान मोहम्मद हारिस के कंधों पर है। उनकी टीम 19 अक्टूबर को भारत का सामना करेगी। मैच से पहले टीम के कप्तान ने बताया कि उनके ड्रेसिंग रूप में इंडिया के बारे में बात करने पर बैन है।

## 43 साल बाद पर्थ में होगा ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच 2025-26 एशेज सीरीज के शेड्यूल की घोषणा हो गई है। 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 21 से 25 नवंबर 2025 के बीच पर्थ में खेला जाएगा। 43 साल बाद पर्थ स्टेडियम में एशेज सीरीज का पहला मैच होगा। पर्थ में इंग्लैंड की टीम 1978 के बाद टेस्ट मैच नहीं जीती है। पर्थ स्टेडियम में वह एक भी मैच नहीं खेली है। ब्रिस्बेन के गाबा में 4-8 दिसंबर के बीच डे नाइट टेस्ट खेला जाएगा। एशेज में पहली बार पिंक बॉल टेस्ट होगा। क्रिसमस से पहले का टेस्ट मैच 17 से 21 दिसंबर के बीच एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। बॉक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 26 से 30 दिसंबर के बीच खेला जाएगा।

## नीतू आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल

दुबई, 16 अक्टूबर। भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी नीतू डेविड को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। 100 से अधिक मैच खेलने वाली स्पिनर नीतू डेविड 2023 में डायना एडुल्जी के बाद आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने वाली दूसरी भारतीय महिला हैं। उन्होंने 141 विकेट के साथ महिला एकदिवसीय क्रिकेट में भारत के लिए दूसरी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं।

## राजमाता जीजाबाई राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप, समापन आज

जयपुर, 16 अक्टूबर। जयपुर के विद्याधर नगर स्तिथ फुटबॉल मैदान पर राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में जारी राजमाता जीजाबाई राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 के सेकेंड फेस में गुरुवार को 2 मुकाबले खेले जाएंगे, संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया की सुबह के सत्र में आठ बजे अंडमान निकोबार का मुकाबला पांडिचेरी से तथा सांयकालीन सत्र में 3:30 बजे दिल्ली का मुकाबला महाराष्ट्र से होगा। महिला विंग चेयरपर्सन रोशनी टाक ने बताया की रविवार से शुरू हुए सेकंड फेस का समापन गुरुवार को सांयकालीन सत्र में होगा जिसमें मंजू शर्मा, सांसद जयपुर शहर, रामप्रसाद जी वरिष्ठ प्रचारक, आरएसएस, मानवेंद्र सिंह जसोल, अध्यक्ष राजस्थान फुटबॉल संघ एवं पूर्व सांसद, जे पी शर्मा और विट्ठल माहेश्वरी सहित गणमान्य लोग सम्मिलित होंगे। मैच का लाइव प्रसारण स्पोर्ट्स कास्ट पर हो रहा है तथा ग्राउंड पर दर्शकों के लिए मुफ्त व्यवस्था की गई है।

## राव राजा हनुत सिंह कप : केरीसिल पोलो ने जयपुर टीम को हराया



जयपुर, 16 अक्टूबर। सितंबर पोलो सीज़नके अंतर्गत आरपीसी पोलो ग्राउंड पर राव राजा हणुत सिंह कप में आज कैरीसिल पोलो की ओर से कुलदीप सिंह राठौर ने 1, शमशीर अली ने 1, बाउटी अल्बर्टी ने 2 गोल अपनी टीम के लिए किये वहीं जयपुर के लिए आर्यन ने 1, हुर्र अली ने 4, वाटसन ने 1 ओर महाराज पदमनाभ सिंह 2 गोल किये। आज के मैच के अम्पायर: मार्टिन एच. स्कॉर्टिचिनी एवं अंगद कलान, रेफरी जेरार्डो माज़िनी।

## रैंकिंग में जो रूट की स्पेशल-20 क्लब में एंट्री



नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। आईसीसी ने खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है। इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने अब आईसीसी टेस्ट रैंकिंग के एक स्पेशल 20 क्लब में एंट्री की है। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली पहले से ही लिस्ट में विराजमान हैं।

दरअसल, रूट ने क्रिकेट इतिहास में 20 पुरुष बैटर्स द्वारा हासिल की गई करियर की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट रेटिंग हैं। कोहली 15वें नंबर पर हैं। वह 937 रेटिंग अंकों तक पहुंच चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन 961 रेटिंग अंकों के साथ टॉप पर हैं।आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की लेटेस्ट रैंकिंग की बात करें तो जो रूट टॉप पर हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में दोहरा शतक जड़ा था। उन्होंने मुल्तान में 375 गेंदों में 17 चौके जड़े और 262 रन की पारी खेली। ये रूट के टेस्ट करियर का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। रूट ने दोहरा शतक जमाने के बाद रेटिंग अंकों में इजाफा किया है। इससे पहले उनके हाईएस्ट रेटिंग अंक 923 थे। रूट ने रैंकिंग में 100 से ज्यादा अंकों की बढ़त हासिल की। वहीं न्यूजीलैंड के केन विलियमसन 829 अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। उनके साथ इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 829 अंक भी हैं। ब्रूक ने मुल्तान में तिहसा शतक (317) जमाया था उन्होंने 11 स्थान की छलांग लगाई। कोहली सातवें नंबर पर हैं।

**राजधानी**

# 200 फीट अजमेर रोड से 14 नंबर सीकर रोड तक सभी अंडरपास की चौड़ाई बढ़ाने की कवायद शुरू

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में 200 फीट अजमेर रोड से लेकर 14 नंबर सीकर रोड तक सभी अंडरपास की चौडाई बढ़ाने की कवायद शुरू हो गयी है। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बुधवार को इस संबंध में जेडीए और एनएचएआई के अधिकारियों की बैठक लेकर चर्चा की।

आनंदी ने बताया कि जयपुर की सड़कों पर बढ़ते यातायात दबाव और सड़कों पर जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए अजमेर रोड 200 फीट पुलिया से लेकर सीकर रोड 14 नंबर तक के सभी अंडरपास की चौडाई बढ़ायी जायेगी। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया कि सभी अंडरपास पर पी.सी.सी. का कार्य करवाया जा रहा है, एनएचएआई द्वारा सभी अंडरपास की चौडाई बढ़ाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है, इससे आमजन को यातायात दबाव की समस्या से निजात मिलेगी।





जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने जे.डी.ए. और एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में अजमेर रोड और सीकर रोड पर जल भराव से उत्पन्न समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की गई। अधिकारियोंने बताया कि 200 फीट अजमेर रोड से 14 नम्बर सीकर रोड तक सर्विस रोड पर और पुलियाओं के नीचे पानी भराव की समस्या रहती है। इस पर एन.एच.ए.आई. अधिकारियों ने बताया कि सीकर रोड (200 फीट अजमेर रोड से 14 नम्बर वीकेआई तक) और अजमेर रोड (कमला नेहरू नगर पुलिया से भांकरोटा तक) पर ड्रेनेज को रि-डिजाईन किया जायेगा, जिसके लिए आउटफॉल जेडीए द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा।

जे.डी.ए. कमिश्नर ने आगरा रोड और अजमेर रोड पर एन.एच.ए.आई. द्वारा निर्माणाधीन क्लोवर लीफ व अन्य कार्यो के लिए जेडीए द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली भूमि के संबंध में दोनों विभागों के अधिकारियों को संयुक्त दौरा कर शीघ्र समाधान निकालने के लिए कहा।

जेडीए कमिश्नर आनंदी ने बताया कि 200 फीट बाईपास चौराहे पर एनएचएआई द्वारा दो अण्डरपास एवं दो फ्लाईओवर का निर्माण कार्य जनवरी 2025 तक प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है, इसके लिए जेडीए स्वामित्व और अन्य स्वामित्व की 3 हैक्टेयर भूमि की जरूरत होगी। बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि पूर्व में नॉर्थन रिंग रोड परियोजना के लिए जो भूमि अधिग्रहित की गई थी, उसे निरस्त कर दिया गया है। इसके लिए 92 किलोमीटर का नया प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

बैठक में जेडीए सचिव, निदेशक अभियांत्रिकी प्रथम एवं द्वितीय, निदेशक आयोजना, अतिरिक्त आयुक्त (पूर्व), संबंधित उपायुक्त, एनएचएआई प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर, जेडीए एवं एनएचएआई के अधिकारीगण सहित संबंधित अधिकारीउपस्थित रहे।

# अब राजस्थान उपचुनावों में भी जनता भाजपा के साथ : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने विधानसभा उपचुनावों की सभी 7 सीटों पर जीत का दावा करते हुए कहा कि हरियाणा के साथ कश्मीर में भी भाजपा को जनता का आशीर्वाद मिला है। ऐसे में उपचुनावों में भी प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यों और योजनाओं के आधार पर भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जीताकर विधानसभा भेजेगी। विपक्षी पार्टी ने विधानसभा चुनावों में भ्रम फैलाने का काम किया था लेकिन जनता के आशीर्वाद से भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करवाई, अब उपचुनावों में भी सभी 7 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी जीतेंगे।

> **'राजस्थान की जनता ने 5 साल तक झेली होटल वाली सरकार, प्रदेश में अब भजनलाल सरकार, जिसका जनता से सरोकार'**

मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की जनता ने 5 साल तक होटल और रिसोर्ट से चलने वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को देखा है, कुर्सी बचाने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नकारा, निकम्मा जैसे अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे। लेकिन अब प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार जनता के लिए काम कर रही है और जनता के सरोकार से जुड़ी है। राजस्थान के युवाओं के सपने साकार करने के लिए एक ओर भर्ती कैलेंडर जारी किया जा रहा है, तो दूसरी ओर राइजिंग राजस्थान के माध्यम से रोजगार लाने के लिए निवेशकों से एमओयू किए जा रहे है। इसकी बानगी राजस्थान में फिल्म सिटी के लिए एमओयू और फिर जमीन आवंटन की कार्यशैली को देखा जा सकता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कहा कि भाजपा उपचुनावों में सरकार के विकास के कार्यों को लेकर जनता के बीच जाएगी और कांग्रेस से सीटें छीनने के साथ सभी सीटों पर जीत दर्ज कराएंगे। भाजपा में टिकट वितरण केंद्रीय नेतृत्व जनता की राय और सर्वे रिपोर्ट के आधार पर करता है। इसमें किसी का चेहरा नहीं देखा जाता बल्कि व्यक्ति की निष्ठा, सेवाभाव और कत्तर्व्य परायणता के साथ जनता का मत देखा जाता है। आज के बदले हुए समीकरणों के अनुसार टिकट का वितरण होगा। कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में भ्रम फैलाया, लेकिन अब समीकरण अलग है। जो जन सेवा के लिए मैदान में है, उसको उतारा जाएगा। भाजपा ऐसा संगठन है जहां एक राय होकर काम करते है।

राठौड़ ने कहा कि अब वो समय आ गया है जब जनता को बरगलाने से काम नहीं चलेगा। जनता विकास और कार्य के नाम पर वोट देती है। भाजपा की रणनीति साफ और स्पष्ट है कि केंद्र और राज्य सरकार के कार्यों के साथ योजनाओं को आधार बनाकर चुनाव लड़ा जाएगा। भाजपा संगठन मजबूत है, यहां बूथ से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ताओं द्वारा सतत रूप से आमजन से संपर्क किया जा रहा है।

# अपने ही फैसले वापस लेने वाली यह यूटर्न सरकार है : डोटासरा

**जयपुर।** एसआई भर्ती को लेकर असमंजस, महिला आईपीएस अधिकारी की लोकेशन ट्रेस के मामले और नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म की लगातार बढ़ती घटनाओं को लेकर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बुधवार को मीडिया से कहा कि एक महिला एसपी की उन्हीं के मातहत कर्मचारी लोकेशन ट्रेस कर रहे हैं। आज तक सरकार ने एक शब्द नहीं कहा। ये किस मुंह से महिला सशक्तिकरण और महिला अपराध रोकने की बात कह सकते हैं।

डोटासरा ने कहा कि मंत्री ने इस्तीफा दे दिया और भाजपा मुख्यालय में एक कैबिनेट मंत्री हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री से कहता है कि इस्तीफा स्वीकार कर लो, लेकिन आज तक इस्तीफे पर कोई फैसला नहीं आया। एक दिन मंत्री के लेटरपैड पर दस्तखत करते हैं। दूसरे दिन विधायक के लैटरपैड पर साइन करते हैं। मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल होते हैं तो जनता यह मानती है कि वे मंत्री हैं। दूसरे दिन कहते हैं कि एसआई भर्ती निरस्त करवाने आए थे। इसलिए लोगों की जुबान पर आ गया कि यह सर्कस है।

उन्होंने कहा कि अब यह यू-टर्न की सरकार बन गई है, जो अपना एक भी फैसला लागू नहीं करवा पाए। शिक्षा विभाग को लेकर कई वादे और दावे किए गए। आदेश जारी किए गए, लेकिन हर बार अपने पैर पीछे हटाने पड़े। कल तो हद हो गई,जब एक तबादला सूची आई और तीन घंटे बाद निरस्त हो गई।

## राष्ट्रीय कला मिलन उत्सव 18 से

**जयपुर।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती का तीन दिवसीय ''राष्ट्रीय कला मिलन उत्सव'' 18 से 20 अक्टूबर को गुलाबी नगर जयपुर में होगा। मानसरोवर की कृष्णा सागर कालोनी स्थित महेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन ''अभिनंदन'' के सभागार में 18 अक्टूबर को कला संवाद (संगोष्ठी) में ''भारतीय पारम्परिक कला दृष्टि और जीवन मूल्य'' विषय पर आचार्य भारत रत्न भार्गव वक्ता होंगे।कला संवाद की अध्यक्षता पाथेय कण के पूर्व संपादक कन्हैया लाल चतुर्वेदी और संचालन संस्कार भारती जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष जितेन्द्र जालोरी करेंगे।

# राजस्थान स्टेट एंड हेल्थ केयर काउंसिल के चेयरमैन की नियुक्ति पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान स्टेट एंड हेल्थ केयर काउंसिल के चेयरमैन की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में एसीएस मेडिकल एंड हेल्थ, प्रमुख विधि सचिव और डॉ. एसएस यादव से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश सुनीता शर्मा व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि भारत सरकार ने दी नेशनल कमीशन फोर अलाइड एंड हेल्थ प्रोफेशन एक्ट, 2021 पारित किया था। जिसमें स्वास्थ्य सेवा की विभिन्न ब्रांच को इस एक्ट के अधीन लाया गया। इसमें मेडिकल लेबोरेट्री, रेडियोग्राफर, ईसीजी, बीपीटी, बर्न फिजियो प्रोफेशन व प्राकृतिक चिकित्सा को भी शामिल किया गया। इस एक्ट के तहत काउंसिल के चेयरमैन पद पर उसी को पात्र माना गया, जिसके पास इन सेवा में 25 साल का कार्य अनुभव व मास्टर की डिग्री हो। इसके बावजूद राज्य सरकार ने गत 30 अगस्त को आदेश जारी कर डॉ. एसएस यादव को काउंसिल का चेयरमैन नियुक्त कर दिया। जबकि डॉ. एसएस यादव इनमें से किसी विभाग से नहीं आते हैं। ऐसे में वे केन्द्र सरकार की 28 मार्च 2021 की गजट नोटिफिकेशन की शर्त के तहत पात्र नहीं हैं और यह उनकी नियुक्ति इस शर्त की अवहेलना है। इसलिए चेयरमैन के पद से उसकी नियुक्ति को रद्द किया जाए।

## संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध की कार्यवाही

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने ऑपरेशन गरिमा के तहत कुल 8 संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की है। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव आई.पी.एस ने बताया कि जिले में महिलाओं /बालिकाओ के साथ होने वाली छेडछाड, छींटाकसी आदि की घटनाओ की प्रभावी रोकथाम हेतु ऑपरेशन गरिमा के तहत किशोरीलाल आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़, निश्चय प्रसाद एम सहायक पुलिस अधीक्षक वृत राजगढ़ के निकटतम सुपरविजन में पुष्पेन्द्र झाझडिया पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना राजगढ़ के नेतृत्व संदिग्ध व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस 2023 के तहत कुलदीप सिंह स.उ.नि. सुनिल कुमार हैडकानि के द्वारा कार्यवाही की गयी है। राजगढ़ थानाधिकारी पुष्पेन्द्र झाझडिया सीआई ने बताया कि ऑपरेशन गरीमा के तहत मनीष कुमार , मोनु भार्गव , प्रमोद , अंकित शर्मा , सुरेन्द्र कुमार, संदीप कुमार , रवी व सोनु आदि गैरसायल के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

# प्रशासन ने जेल में पांच घण्टे तक चलाया सर्च अभियान

### हत्या के मामले में बंद दो कैदियों से मोबाइल फोन एंड्राइड व चार्जर किया बरामद

**सादुलपुर,** (निसं)। उपकारागृह राजगढ़ में गैंगस्टरों से जुडे जेल में बन्द हत्या के मामले में दो कैदियों के कब्जे से जेल में मंगलवार को करीबन शाम पांच बजे तक सर्च अभियान चलाकर एक मोबाइल फोन स्क्रीन टच एंड्राइड, एक मोबाइल फोन कीपैड, एक डोंगल तथा एक मोबाइल चार्जर को बरामद करने की कार्रवाई की गई है। जबकि सर्च अभियान का पता चलते ही एक कैदी कीपैड मोबाइल फोन से सिम निकालकर गटक गया। लगभग पांच घंटे तक चले सर्च अभियान के दौरान जेल के कोने -कोने में तलाशी ली गई। इसी दौरान एसडीएम राजगढ़ मीनू वर्मा, एएसपी किशोरीलाल, आईपीएस निश्चय प्रसाद एम, राजगढ़ सीआई पुष्पेन्द्र झाझडिया करीबन 25-30 जवानों के साथ मौजूद रहे। साथ ही एजीटीएफ टीम




उपकारागृह राजगढ़ में सर्च अभियान चलाकर बाहर आते पुलिस अधिकारीगण ।




दो कैदियों के पास मिले एक मोबाइल फोन स्क्रीन टच एंड्राइड एक मोबाइल फोन कीपैड बरामद

जिला चूरु, व डीएसटी टीम जिला चूरू के प्रभारी विरेन्द्र सिंह यादव भी डीएसटी टीम च एजीटीएफ टीम के साथ मौजूद रहे। इस सम्बंध में थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि हार्डकोर अपराधियों की ओर से जेल से अपराध संचालन की सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने जेल में सर्च अभियान चलाया। थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि पुलिस के पास लगातार इनपुट आ रहे थे कि जेल में बंद कैदी गैंगस्टर रोहित गोदारा से जुडे हुए हैं तथा हत्या के मामले में आशीष पंडित भी जेल में बंद है।

जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से गठित टीम लगातार निगरानी कर रही थी तथा एक प्लान के तहत जेल में सर्च अभियान चलाया गया। जेल की सभी

- **जेल से अपराधिक गतिविधियों का हो रहा था संचालन**

बेरिक, बाथरूम टॉयलेट पंखे तथा स्विच बोर्ड आदि को खोल-खोल कर बारीकी से तलाशी ली गई दोपहर करीबन 12 बजे सर्च अभियान शुरू किया गया था तथा शाम पांच बजे तक अभियान चलाकर जेल में बंद हत्या के मामले में आरोपी विनोद उर्फ ध्याला गुर्जर उम्र 35 साल निवासी बहल हरियाणा तथा अंकित जाट उम्र 24 साल निवासी कणाऊ पुलिस थाना गोगामेडी जिला हनुमानगढ़ के कब्जे से एक मोबाइल फोन स्क्रीन टच एंड्राइड, एक मोबाइल फोन कीपैड, एक डोंगल व एक मोबाइल चार्जर बरामद जप्त किया गया है।

## सार-समाचार

### हनुमान मंदिर में जागरण आयोजित



**चूरू,** (कासं.)। शहर के वार्ड 24 व 30 स्थित वीर हनुमान मंदिर में मंगलवार को रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गायक कलाकार सांवरमल गुर्जर एंड पार्टी ने गणेश वंदना से किया। इससे पूर्व मंदिर कमेटी के सदस्यों ने गायक कलाकारों का स्वागत किया। इस अवसर पर कलाकार सांवरमल गुर्जर ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर किसन मोट, नरेंद्र सिंह भाटी, विजय कुमार शर्मा, रमेश प्रजापत, ओम प्रकाश परिहार, विजय कुमार भाकर, पार्षद प्रवीण शर्मा, शक्ति सिंह भाटी, राकेश सैनी, नवीन प्रजापत, जितेंद्र प्रजापत, हरिराम प्रजापत, कमल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। पवन सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### बॉक्सिंग चैंपियनशिप 24 व 25 को

**सादुलपुर,** (निसं)। चूरू जिला बॉक्सिंग संघ द्वारा आयोजित होने वाली सीनियर वर्ग की महिला व पुरुष जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप 24 व 25 अक्टूबर 2024 को द्रोणाचार्य नेशनल बॉक्सिंग एकेडमी,हिसार रोड राजगढ़ में होगी। शिक्षक मनोज पूनियां ने बुधवार दोपहर 3 बजे जानकारी देते हुए बताया कि जिला बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले बॉक्सर्स को दिनांक 24 अक्टूबर को प्रातः 07 बजे वेट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस जिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी मुक्केबाज अपने साथ 2-2 फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व मूलनिवास प्रमाण पत्र साथ में लेकर आएं। तथा जिन मुक्केबाजों ने राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा लिया है वही मुक्केबाज इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप कुमार बघेला ने बताया कि आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में चुने गए बॉक्सर 08 से 10नवम्बर 2024 को कोटा में होने स्टेट चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। ज्ञात रहे कि बॉक्सर का जन्म जनवरी 1984 से दिसंबर 205 के बीच का होना चाहिए।

### कार्यालय पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**झुंझुनूं** । नवलगढ़ उपखंड के बारवा गांव के ग्रामीणों ने झुंझुनूं मुख्यालय स्थित खनिज अभियंता कार्यालय पर अवैध खनन को बंद करवाने और माइंस में गलत सीमांकन करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि लीजधारक द्वारा अवैध ब्लास्टिंग कर खनन किया जा रहा। साथ ही जिस तरह विभाग ने खनन को लेकर सीमांकन किया हैं। उसमें श्मशान भूमि, मंदिर सहित सरकारी भूमि भी खनन क्षेत्र में आ गई हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लीजधारक बार बार गांव में जाकर ग्रामीणों को डरा धमका रहे हैं। ग्रामीणों ने अवैध ब्लास्टिंग को बंद करवाने तथा लीज का सही सीमांकन करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि लीजधारक को फायदा पहुंचाने के लिए गलत तरीके से सीमांकन किया गया हैं। जिसके कारण आबादी क्षेत्र के पास खनन होगा। साथ ही खनन क्षेत्र में मंदिर और श्मशान भूमि भी आएगी। ग्रामीणों ने ज्ञापन के जरिए सही सीमांकन करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने चेताया कि अगर जल्द सही सीमांकन नहीं किया जाता हैं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### सैनिक दल के जिलाध्यक्ष मनोनीत

**सादुलपुर**, (निसं)। डॉ. अम्बेडर द्वारा स्थापित समता सैनिक दल के जिलाध्यक्ष पद व्याख्याता उम्मेद सूणिया को मनोनीत किया गया है। समता सैनिक दल के प्रदेशाध्यक्ष धर्मपाल बौद्ध ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अनुमोदन के बाद सादुलपुर के वार्ड 40 निवासी उम्मेद सूणिया व्याख्याता को संघ के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। यह जानकारी प्रदेशाध्यक्ष धर्मपाल बोद्ध ने बुधवार शाम को चार बजे जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### फल वितरित किए

**बगड़**। प्रिंसिपल दीपाली वर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर परिवारजनों की ओर से राजकीय पीरामल सामुदायिक केंद्र बगड़ में फल वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रोफेसर किशोर कुमार बरवड़, अध्यापक मदनलाल बरवड़, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विकास आल्हा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सतवीर बरवड़, प्रदीप आल्हा, राजेंद्र महरिया, हनुमान महरिया, आदि उपस्थित थे। अस्पताल के प्रभारी डॉ. जुगलाल बुडानिया ने बताया कि दीपाली की द्वितीय पुण्यतिथि पर अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीजों के लिए 25 कम्बल वितरण की गई थी।

### औषधि लोगों को निशुल्क वितरित की

**झुंझुनू** । डॉ. सलाउदीन चोपदार फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय स्थित बीकानेर औषधालय में शरद पूर्णिमा को खीर में खाने की आयुर्वेदिक दुर्लभ औषधि का निशुल्क वितरण किया गया।

## उप चुनाव के लिए 2 लाख 74 हजार 533 मतदाता पंजीकृत

**झुंझुनूं** ।जिले की झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को उप चुनाव प्रस्तावित है। चुनाव के संबंध में जिले में आदर्श आचार संहिता, चुनाव कार्यक्रम एवं चुनावी गतिविधियों के संबंध में बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी मीणा ने बताया कि झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कुल दो लाख 74 हजार 533 मतदाता पंजीकृत हैं। जिनमें एक लाख 42 हजार 708 पुरुष, एक लाख 31 हजार 820 महिला एवं पांच थर्ड जेंडर शामिल है। वहीं दिव्यांग मतदाताओं के रूप में कुल 2541 मतदाता हैं। जिनमें 1772 पुरुष एवं 769 महिला पंजीकृत हैं। निर्वाचन क्षेत्र में कुल 263 मतदान केंद्र हैं। जिनमें 178 ग्रामीण एवं 85 शहरी मतदान केंद्र शामिल हैं। वहीं 14 मतदान केंद्रों पर 1450 से अधिक मतदाता होने के कारण सहायक मतदान केंद्र प्रस्तावित

- **263 मतदान केंद्रों पर डाले जाएंगे मत, विशेष थीम पर तैयार होंगे मतदान केंद्र**

है। इसके साथ ही 132 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग करवाया जाएगा। उप चुनाव में 26 ग्रामीण एवं 23 शहरी मतदान केंद्रों सहित कुल 49 मतदान केंद्र संवेदनशील मतदान केंद्र प्रस्तावित है। प्रेस वार्ता के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार आर्य, जिला परिषद सीईओ कैलाशचंद्र, पीआरओ हिमांशु एपीआरओ विकास चाहर सहित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे। महिला प्रबंधित मतदान केंद्र के रूप में परमवीर पीरू सिंह राउमावि का बायां भाग, प्राइमरी सेक्सन, जेके मोदी राबाउमावि का बाया आदि का चयन किया गया है।

## अनेक क्षेत्रों में रहेगी विद्युत सप्लाई बंद

**रतनगढ़** । तहसील के अनेक क्षेत्रों में बुधवार को विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सहायक अभियंता (विद्युत विभाग) ने बताया कि जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड रतनगढ़ द्वारा दीपावली मेन्टीनेन्स का कार्य किये जाने के कारण 132 केवी जीएसएस से संचालित 11 केवी आईटीआई फीडर एवं 33/11 केवी गोशाला जीएसएस से संचालित 11 केवी संकट मोचन फीडर एवं 33/11 केवी एनएच 11 जीएसएस संचालित 11 केवी राघव सीटी की विद्युत सप्लाई 17 अक्टूबर गुरुवार को प्रातः 7.30 बजे से 10.30 बजे तक बन्द रहेगी। इससे सम्बन्धित प्रभावित क्षेत्र चमड़ियों की ढ़ाणी, हनुमान नगर, सदभावना स्कूल, हनुमान पार्क, लिंक रोड़, संकटमोचन बालाजी, रेगर बस्ती, पण्डितपुर, भरतियों की ढ़ाणी, रेलवे घुमचक्कर, राघव सीटी तथा इससे सम्बन्धित अन्य क्षेत्र व गांवों की विद्युत सप्लाई भी बंद रहेगी।

# गड्डो से भरी सड़क पर घायल युवक की हुई मौत

**सादुलपुर**, (निसं)। कस्बा राजगढ़ के अंबेडकर सर्किल से सिद्धमुख मोड तक गड्डो में तब्दील हो चुकी सडक के कारण दो रोज पूर्व घायल मोटरसाइकिल सवार ने उपचार के दौरान दम तोड दिया है। बुधवार शाम को मिली जानकारी में दर्ज मामले में पिंटू पुत्र खुशीराम कश्यप उम्र 20 साल निवासी चपरा तहसील जलालाबाद जिला सहजानपुर यूपी हाल सादुलपुर की मौत हो चूकी है। वहीं इसी घटना के बाद दुकानदारों और प्रमुख लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था, फिर भी विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

सामाजिक कार्यकर्ता रजनीश सोनी तथा दुकानदारों ने बताया कि विभाग के अधिकारी को अवगत करवाने पर मात्र आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन सडक का नवनिर्माण नहीं हो रहा है। जबकि गत एक वर्ष से लगातार शिकायत की जा रही है। वहीं थाना अधिकारी पुष्पेंद्र

- **घटना के दो दिन बाद भी नहीं चेता विभाग**
- **गाय को बचाने के चक्कर मे बिगडा संतुलन**

झाझडिया ने बताया कि रामनिवास पुत्र राम भरोसे कश्यप उम्र 40 साल निवासी चपरा तहसील जलालाबाद जिला सहजानपुर यूपी ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि वह ईंट भट्टे पर मजदूरी करने के लिए आया हुआ है तथा 14 अक्टूबर 2024 को समय करीब 7.30 बजे लगभग शाम को उसका भतीजा पिंटू पुत्र खुशीराम कश्यप उम्र 20 साल निवासी चपरा तहसील जलालाबाद जिला सहजानपुर यूपी हाल सादुलपुर मोटरसाइकिल लेकर ईट भटे से घरेलू सामान लेने के लिए सादुलपुर आ रहा था तथा पिंटू अंबेडकर सर्किल के नजदीक पहुंचा तो एक गाय सामने आ गई। तथा गाय को बचाने के चक्कर मे क्षतिग्रस्त सडक के कारण मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड गया तथा वह गिर गया, जिसके कारण उसे गंभीर चोटे लगी तथा प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे चूरू रेफर कर दिया। चूरू से उसके बीकानेर रैफर कर दिया तथा बीकानेर में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुकानदारों ने बताया कि गढ़ों में तब्दील क्षतिग्रस्त सडक तथा विभाग की लापरवाही का दंश वाहन चालकों को झेलना पड रहा है। विभाग की अनदेखी के कारण कभी भी ओर भी बडा हादसा घटित हो सकता है।

# 'युवा ने जयपुर पहुंच कर 148 वीं बार रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की'

**सीकर** । कल्याण मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल लैब अधीक्षक सतेन्द्र कुड़ी ने बताया कि फोर्टिस हॉस्पिटल, जयपुर में भर्ती को इमरजेंसी के दौरान रक्त की जरूरत पड़ने पर सोशल मीडिया के माध्यम से पता लगने पर सुधीर महरिया स्मृति संस्थान और यूनाइटेड एजुकेशन लिंक्ज के डायरेक्टर ग्राम केशरनगर ,कोलीड़ा निवासी बी एल मील ने फोर्टिस हॉस्पिटल ब्लड सेंटर,जयपुर पहुंचकर 148 वीं बार रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की है ।

मील ने वर्ष 2023 में 1 वर्ष के दौरान प्लेटलेट सहित 25 बार रक्तदान कर एक एतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है तथा राजस्थान में सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाली सूची में शामिल हैं ।

- **सीकर के युवा रक्तदान शिविरों में रक्तदान करने के साथ-साथ जरूरतमंद रोगियों के लिए भी हर समय रक्तदान के लिए तत्पर रहते हैं**

सुधीर महरिया स्मृति संस्थान निदेशक बी एल मील के नेतृत्व में सुधीर महरिया स्मृति संस्थान एवं राजस्थान ब्लड डोनर ग्रुप के तत्वावधान में जरूरतमंद रोगियों को जरूरत के समय रक्त उपलब्ध हो सके इसके लिए अब तक 550 से ज्यादा रक्तदान शिविरों का आयोजन कर एक लाख से ज्यादा ब्लड यूनिट रक्तदान करवा चुके हैं तथा जरूरतमंद को रक्त की जरूर पड़ने पर हर समय तैयार रहने वाले 2000 से अधिक युवाओ की टीम भी तैयार रहती है । कोरोना काल में भी कोविड ग्रस्त गंभीर रोगियों को 336 यूनिट प्लाज्मा डोनेट करवाकर उनकी जान बचाने का कार्य किया था गत 17अगस्त को मात्र 1 घंटे में 132 लोगों को मोटिवेट कर अंगदान व देहदान की घोषणा करवाकर एक विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया था गत 30 वर्षों से रक्तदान, प्लेटलेट, प्लाज्मा दान, जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए राशन वितरण, रजाई वितरण, कंबल वितरण,पौधरोपण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर तथा सड़क सुरक्षा हेतु रिफ्लेक्टर सहित अनेक सामाजिक गतिविधियों का आयोजन कर अग्रणी भूमिका निभा रहे है । सीकर विप्र फाउंडेशन के सीकर जिला अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने रामगढ़ शेखावाटी की इंदु शर्मा को विप्र फाउंडेशन की शेखावाटी रामगढ़ तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया है ।

इंदु शर्मा द्वारा किए जा रहे सामाजिक सेवा कार्य एवं अनुभव द्वारा संगठन को दिए जा रहे सहयोग को मध्य नजर रखते हुए उन्हें रामगढ़ तहसील अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पद पर मनोनीत किया गया विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने नियुक्ति करते हुए इंदु शर्मा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर आशा व्यक्त की है ।

## बनेशनल चैंपियनशिप में हुआ चयन

**झुंझुनूं** । झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के होनहार बेहतरीन परीक्षा परिणाम देने के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी कीर्तिमानों की झड़ी लगा रहे हैं। आज एक और बड़ी उपलब्धि अर्जित कर झुंझुनूं एकेडमी ने स्पोर्ट्स में इतिहास रचा है। शेखावाटी के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि जीवेम् स्पोर्ट्स एकेडमी के छात्रों ने राजस्थान बैडमिंटन चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल की हैट्रिक लगाई है। खेल जगत में अंडर-11 एवं अंडर-13 छात्र वर्ग बैडमिंटन चैंपियनशिप में यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। जानकारी देते हुए बैडमिंटन कोच नितेश वर्मा ने बताया कि योनेक्स सनराइज राजस्थान स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप-2024 जो अजमेर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा 11 से 15 अक्टूबर तक पटेल इंडोर स्टेडियम एवं अजमेर क्लब अजमेर में आयोजित हुई थी। इस चैंपियनशिप में झुंझुनूं एकेडमी के छात्र लोकेश गुर्जर ने अंडर-11 सिंगल्स एवं डबल्स दोनों वर्ग में चैंपियनशिप जीतकर गोल्ड मैडल तथा 5500 रूपए नकद पुरस्कार तथा आनंद मदेरणा ने अंडर-13 डबल्स में चैंपियनशिप जीतकर गोल्ड मैडल तथा 3500 रूपए का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। इन दोनों होनहार खिलाड़ियों का चयन बैडमिंटन की नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन एवं जिला बैडमिंटन संघ अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी ने अपार खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि शेखावाटी के इतिहास में बैडमिंटन में झुंझुनूं एकेडमी ने इतिहास रचा है। इन विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी इतिहास रचकर स्कूल व अपने माता-पिता तथा परिवार का नाम रोशन किया है।

## हमला करने के आरोप का मामला थाने में दर्ज करवाया

**सादुलपुर,** (निसं)। खैरू बडी गांव के बाहर बने शिव मंदिर के पास बिना बॉडी व बिना नम्बरी काले सीसे रंग सफेद व आगे पिछे बम्फर लगी पीकअप गाडी में पहले घात लगाकर बैठे आरोपियों द्वारा जीप में सवार होकर जा रहे बहल (हरियाणा) जा रहे दो भाईयों के वाहन को रोककर उनकी गाडी के टक्कर मारने, लोहे की रॉड से ताबतोड हमला करने के आरोप का मामला हमीरवाास थाने में दर्ज करवाया गया है। दर्ज मामले में किसी प्रकार की साजिश होने की आंशका बताई है।

वहीं रणधीर सिंह पूनिया पुत्र स्व. देशराम जाट उम्र 44 साल निवासी खैरू बडी तहसील राजगढ़ जिला चूरू ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि दर्ज मामले में रण्धीर सिह पूनियां ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि दिनांक 14 अक्टूबर 2024 को वक्त सुबह 8.40 से 09 बजे के करीब की बात है वह तथा उसका भाई अमीर सिंह पुत्र देशराम, चाचा का लडका नरेश पुत्र नरसिंह व उसकी दुकान में काम करने वाला मनीराम पुत्र भीमाराम जाट एवं उसके गांव का धर्मपाल जागिड उनकी जीप महेन्द्रा डीआई में सवार होकर बहल(हरियाणा) अपनी दुकान राजस्थानी मिर्च मसाला में जा रहे थे। जब वे गांव से निकलकर शिव मंदिर के पास चौराहा पर पहुंचे तो वहां पर पहले घात लगाए एक पीकअप बिना बॉडी व बिना नम्बरी काले सीसे रंग

- **दो भाईयों की जीप को शिव मंदिर खैरू बडी के पास टक्कर मारने व हमला कर लोहे की रॉड से मारपीट करने का आरोप**

सफेद व आगे पिछे बम्फर लगा हुआ खडी थी व एक लडका जवान उम्र का नीचे खडा था।

आरोप है कि उसने उसके भाई अमीरसिंह पूनियां को राम-राम कहा, तथा गाडी उसका भाई अमीर सिंह चला रहा था। उसके भाई ने राहगीर समझकर गाडी रोक ली गाडी रोकते ही वह लडका बोला यह वहीं लोग हैं, तब सामने से पहले से स्टार्ट खडी पीकअप सफेद रंग बिना नम्बरी ने जोर से उनकी गाडी के सीधे टक्कर मारी, फिर उसमें से दो लडके हाथों में लोहे कि रॉड लिए हुये उतरे व एक रॉड पहले से नीचे खडे लडके को भी दे दी, फिर पिकअप में बैठा ड्राईवर ने पिकअप से उनकी गाडी को लगातार टक्कर मारता रहा व तीनों लडकों ने रॉड से ताबडतोड जानलेवा हमला करना शुरू कर दिया, जिससे ड्राईवर सीट पर बैठे उसके भाई अमीर सिंह को गम्भीर चोटे आई तथा जब वह बचाने दौडा तो उसके भी रॉड से दोनों हाथो के गम्भीर चोटे मारी। बिना नम्बर की अपनी पीकअप गाडी सफेद को लेकर उसमें सवार होकर सुधिवास (हरियाणा) की तरफ भाग गये।

## सनातन धर्म सृष्टि की मूल जड़ है

**झुंझुनूं** ।स्थानीय चूणा चौक स्थित पुरोहितों की बगीची में रामचरित मानस मंडल के तत्वावधान में मोहन योगी महाराज ने अपने प्रवचनो में गीता के उपदेशों का महत्व बताते हुए कहा गीता के उपदेशों से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है। सनातन धर्म ही सृष्टि की मूल जड़ है गीता में कृष्ण ने कहा है धर्म की रक्षा के लिए अस्त्र शस्त्र उठाओ और दुष्टों का का संहार करो मनुष्य का शरीर नष्ट होता है।

आत्मा नहीं आत्मा अजर अमर है। महाराज ने कहा बच्चों के लिए गीता के उपदेशों का शिविर लगाना चाहिए। जिसमें उन्हें संस्कार देकर धर्म के प्रति जागरूक बनाया जा सके। इस अवसर पर शिव महिम्न मंडल, झुंझुनूं नागरिक मंच व चूणा चौक विकास समिति द्वारा माला अंग वस्त्र पहनकर व प्रतीक चिह्न देकर योगी महाराज का स्वागत व अभिनंदन किया गया। प्रवचनों की अमृत वर्षा में शिवचरण पुरोहित, उमाशंकर महमिया, शुभकरण चौपदार, कालूराम तुलस्यान, कांतिप्रसाद ढंढ, रामगोपाल महमिया, पवन शर्मा, रूपेश तुलस्यान, रघुनाथ पोद्दार, अशोक तुलस्यान, दीपक वर्मा, ललित जोशी, सुरेश पुरोहित, महेश वर्मा, दिलीप हंसासरिया, कांत पंसारी, भवानीशंकर जगनानी, प्रदीप शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सत्यनारायण सैनी, नितिन नारनौली, आसू भिंडा, ओमप्रकाश ढंढ सहित काफी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थी।

# शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री आज नीमकाथाना जिले के दौरे पर

**पाटन** । शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर आज नीमकाथाना जिले के दौरे पर रहे। दिलावर नरसिंहपुर ग्राम पंचायत में स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय के नव जीर्णोद्धारित भवन का उद्घाटन करने आए। मंत्री दिलावर ने अचानक रलावता, माधोपुर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।

दिलावर जब स्कूल में पहुंचे तो

- **मंत्री दिलावर ने अचानक रलावता, माधोपुर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया**

किसी को कानों कान भी खबर नहीं थी कि शिक्षा मंत्री विद्यालय परिसर में आ गए हैं। सामान्य दिनों की तरह चल रहे विद्यालय में बच्चे कक्षा में पढ़ रहे थे। अध्यापक बच्चों की कक्षाएं ले रहे थे। इसी बीच मंत्री दिलावर को कक्षा नवीं में देखकर बच्चे और शिक्षक गण एक बार तो सकपका गए, भनक लगते ही विद्यालय के प्रिंसिपल भी दौड़े दौड़े कक्षा कक्ष में पहुंचे। दिलावर ने शुरुआत में तो बच्चों से अनौपचारिक चर्चा की लेकिन फिर कक्षा 12वीं में पहुंचे तो बिल्कुल व्याख्याता के अंदाज में दिखने लगे। मंत्री दिलावर ने यहां बकायादा 12वीं कक्षा के बच्चों से परिचय लिया



शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर आज नीमकाथाना जिले के दौरे पर रहे।

और फिर पॉलिथीन के विषय पर उनकी क्लास ले डाली।दिलावर ने बच्चों से पूछा कि वह सब्जी लेने जाते हैं तो सब्जी किस में लेकर आते हैं। जब बच्चों ने बताया कि पालीथिन की थैली में ही टमाटर और आलू लाते हैं तो मंत्री ने उनको इसके नुकसान बताएं और समझाया कि पॉलीथीन में खाद्य सामग्री को ना लाए,साथ ही अपने माता-पिता को भी समझाएं कि पॉलीथिन का उपयोग न किया जाए। इसी कक्षा की बालिकाओं से उन्होंने पूछा कि तुम्हारा लंच बॉक्स प्लास्टिक का है क्या?

जिस पर बच्चों ने हां में उत्तर दिया तो दिलावर ने उनको भी कहा कि प्लास्टिक के बने लंच बॉक्स का उपयोग न करें यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की क्लास में बच्चे बेहद प्रसन्न नजर आए और बच्चों ने हाथ खड़े करके यह शपथ भी ली कि वह अब आगे से पॉलिथीन की थैली में वस्तुएं नहीं लेंगे और अपने माता-पिता को भी समझाएंगे कि वह बाजार से खरीदारी करते समय पॉलिथीन में वस्तुएं न लें।तीसरी कक्षा के मासूम ने सुनाई रामायण की चौपाइयां-- कक्षा 12वीं में बच्चों की क्लास लेने के बाद दिलावर सर पहुंचे कक्षा तीसरी में,नन्हे मुन्ने छोटे मासूम बच्चों को अध्यापिका पढ़ा रही थी। तभी दिलावर ने मासूम बच्चों के बीच बैठकर उनसे अभिभावक की तरह चर्चा करना शुरू किया।एक-एक कर नन्हे मुन्ने से हाथ मिलाया। प्यार से उनके सर पर हाथ फेरा।उनका नाम पूछा, पिताजी का नाम पूछा और कविता सुनाने को कहा।

एक नन्हे बालक शिवम चौधरी ने मंत्री के कहने पर हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की... गाकर सुनाई। इस होनहार बालक की मधुर कंठ से प्रभु राम का गुणगान सुनकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर गदगद हो गए और मासूम शिवम चौधरी के सर पर हाथ फेर कर पिता के रूप में उसे आशीर्वाद दिया। जीर्णोद्धार कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ तथा ।बाजोर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बूथ अध्यक्षों जिम्मेदारियां सौंपी

**झुंझुनू** । शहर के समद तालाब शक्ति केंद्र की बैठक स्थानीय बगड़ रोड स्थित मुनि आश्रम के पास तथा जेपी जानूं शक्ति केंद्र की बैठक दो नंबर रोड स्थित मोरारका कॉलेज से सामने संपन्न हुई।

दोनों ही बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए धोद विधायक एव भाजपा के जिला संगठन प्रभारी गोरधन वर्मा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बूथ पार्टी की रीढ़ है। बूथ की विजय ही पार्टी की विजय है। सभी कार्यकर्ता एक मुखी होकर चुनाव लड़ेंगे। बैठकों की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने की। प्रवासी प्रभारी राजेश गुर्जर ने बूथ अध्यक्षों को विधानसभा उप चुनाव को लेकर विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी।

इस मौके पर विस्तारक ओमप्रकाश शर्मा, कुलदीप सिंह शेखावत, नगर महामंत्री रवि लांबा, विजेंद्र हटवाल, नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी, रामनिवास सैनी, पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, महेश जीनगर, राजेंद्र ठठेरा, सुशील सिगलीकर, विनोद जांगिड़, राकेश सहल, सुभाष जोशी, विकास पुरोहित, अनिल जोशी, मंगलचंद कुमावत, पंकज टेलर, राहुल शर्मा, राजेश चौधरी, कपिल सोनी, बाबूलाल नायक, विनोद चौहान, विजय कुमार, शक्तिसिंह शेखावत, मनोज कुमावत, हरिकिशन जांगिड़, संजय टेलर, सुमेर कड़वासरा सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी ।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत पीएम राजकीय सावित्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थिति संदर्भ कक्ष पर दिव्यांग विद्यार्थियों को कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स, सीपी व्हीलचेयर, वैशाखी , श्रवण यंत्र, घुटने के बेलट, ,रोलेक्टर आदि प्रदान किए गए। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किरण सैनी ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों एवं परियोजना के कार्मिकों से अपील करते हुए कहा कि विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी भी समाज के अभिन्न अंग हैं, इन्हें हासिये पर न रखकर सामान्य बच्चों के समान ही शिक्षा प्रदान की जावें। प्रधानाचार्य ने विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए लाभ उठाने का आव्हान किया। अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी पाल ढाका ने दिव्यांगजनों की आवश्यकताओ से परिचय करवाते हुए दिव्यांगजनो की हौसला अफजाई कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्पेशल एजुकेटर विशेष शिक्षा सुरेश कुमार भास्कर ने अभिभावकों की काउंसलिंग कर उपकरणों के उपयोग व संचालन के बारे में जानकारी देकर रख-रखाव के बारे में परामर्श प्रदान किया।

# सड़क पर बने गड्ढ़े को लेकर नाराजगी जताते हुए चक्का जाम लगाया

### गड्ढे में हो चुकी हैं अनेक दुघर्टनाएं, फिर भी विभाग बना हुआ है लापरवाह

**सादुलपुर, (निसं)।** कस्बा राजगढ़ के अम्बेडकर सर्किल से आगे होटल विनय प्लाजा के सामने हिसार रोड पर बने गहरे जानलेवा गड्ढे को ठीक नहीं करने के विरोध में मार्केट के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर सांकेतिक चक्का जाम प्रदर्शन किया। इसी दौरान थोडी देर के लिए वाहनो की कतार लग गई। वहीं सांकेतिक चक्का जाम प्रदर्शन के दौरान भाल सिंह सरपंच, रजनीश सोनी, सत्यवीर नम्बरदार, लीलाधर, सुनील, बलजीत, कॉमरेड अजय पूनियां, महेन्द्र बागोरिया, उल्लास, सुरेन्द्र प्रजापत, बलवीर, राजू मिस्त्री व नीरज आदि ने बताया कि अम्बेडकर सर्किल से हिसार की ओर जाने वाली प्रमुख सडक मार्ग होटल विनय प्लाजा के ठीक सामने गहरा गड्ढा बना हुआ है, जो कि दिखाई नहीं देता, जिसके कारण अनेक वाहन चालक इस गड्ढे के गिरकर चोटिल हो चूके है, तथा लगभग 12 महिनों से लगातार प्रशासन को अवगत करवाया जा रहा है, उसके बावजूद भी प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रैंग रही है।



राजगढ़ के अम्बेडकर सर्किल पर बने गहरे जानलेवा गड्ढे को ठीक नहीं करने के विरोध में मार्केट के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर सांकेतिक चक्का जाम प्रदर्शन किया।

■ बीती रात्रि को अज्ञात यूपी निवासी मोटरसाईकिल चालक गड्ढे के गिरकर हुआ गंभीर चोटिल, किया हिसार रैफर

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने बताया कि बीती रात्रि को यूपी निवासी एक अज्ञात मोटरसाईकिल चालक भी इस गड्ढे में गिर कर गंभीर रूप में घायल हो गया, जिसकी हालात गंभीर है तथा हिसार रैफर किया जा चूका है, इस प्रकार की बडी-बडी दुघर्टनाएं घटित होने के बाद भी विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

इसी दौरान प्रदर्शन कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता रजनीश सोनी ने मौके पर ही सार्वजनिक विभाग की एईएन दनेजा मीणा को घटना से अवगत करवाया है, जिन्होंने मामले को संज्ञान में लेकर सडक के बीच बने गड्ढ़े को ठीक करवाने का आश्वासन दिया है।

## सार-समाचार

### पैदल यात्री सेवा शिविर का समापन

**रतनगढ़ ।** समाचार जगत ब्यूरो।तहसील के गांव नोसरिया में सालासर पैदल यात्रियों के सेवार्थ लगाए गए 15वे सेवा शिविर का समापन बुधवार को सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ हुआ। सालासर पैदल यात्री सेवा संघ नोसरिया द्वारा गांव नोसरिया के आर्थिक सौजन्य से प्रतिवर्ष सालासर बालाजी महाराज के मेले में आने वाले पैदल यात्रियों की सेवार्थ लगाए जाने वाले सेवा शिविर का शुभारंभ 4 अक्टूबर शुक्रवार को बाबा बजरंगबली की आरती के साथ शुरू हुआ जो 13 दिवस तक निरंतर सालासर पैदल यात्रियों की सेवा करते हुए 16 अक्टूबर बुधवार को सुंदरकांड पाठ के साथ संपन्न हुआ। व्यवस्थापक दुर्गाराम राजपुरोहित ने बताया कि गांव नोसरिया के आर्थिक सौजन्य से 15 साल से प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले सालासर पैदल यात्रियों के सेवार्थ शिविर में देशी घी की बेसन चक्की, नमकीन, चाय, फल फ्रूट, सोने हेतु बिस्तर प्रदान करने की निशुल्क व्यवस्था की गई। जिसमे हजारो सालासर यात्रियों ने शिविर का लाभ लिया। शिविर का समापन पूर्णिमा के दिन सुंदरकांड पाठ के साथ संपन्न हुआ। निशुल्क सालासर पैदल यात्री सेवा शिविर में गांव नोसरिया के ग्रामवासियो ने सेवाएं दी। उल्लेखनीय है 2010 में सालासर पैदल यात्रियों के सेवार्थ इस शिविर की स्थापना स्व पोखरराम हुड्डा, रामसिंह राजपुरोहित, देवानंद स्वामी द्वारा की गई, जो 15 साल से निरंतर जारी है।

### चार दिवसीय शैक्षिणक भ्रमण

**डूंडलोद।** डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद के विद्यार्थी चित्तौड़गढ़ और उदयपुर का चार दिवसीय शैक्षिणक भ्रमण कर विद्यालय लौटे। भ्रमण के दौरान छात्रों ने चित्तौड़गढ़ के ऐतिहासिक किले, विजय स्तंभ और रानी पद्मिनी के इतिहास को जाना। सिटी पैलेस, हल्दीघाटी, चेतक की समाधि, महाराणा प्रताप म्यूजियम, प्रताप गौरव केंद्र आदि का भ्रमण कर महाराणा प्रताप की जीवन गाथा के साथ ही छात्रों ने यह भी जाना कि महाराणा प्रताप कितने पराकर्मी, साहसी व वीर थे। राणा ने जीवन पर्यंत घास की रोटी खाना स्वीकार किया। लेकिन मुगल सम्राट अकबर की दास्तां स्वीकार नहीं की। स्वाभिमानी राणा और उनकी कर्म भूमि हल्दीघाटी की पावनभूमि अपने आप में युवाओं के लिए राष्ट्र प्रेम और चेतक समाधि स्वामिभक्ति की प्रेरणा का जीवंत उदहारण है। छात्रों ने महाराणा प्रताप की गाथा सुनकर, अध्ययन कर सीखना और इस पावनभूमि से जुडी स्मृतियों की अनुभूति करना अपने आप में श्रेष्ठ अनुभव रहा। विद्यार्थियों के अनुशासन, उनकी संवाद शैली को प्रत्येक स्थान पर देशी व विदेशी पर्यटकों द्वारा सरहा गया। शैक्षिणक भ्रमण का नेतृत्व उप प्रधानाचार्य धनंजयलाल, राहुल मिश्रा, बिजेंद्रसिंह शेखावत तथा उमेश सैनी ने किया।

## आग लगाकर 15 हजार रुपए ले गए थे बदमाश

**खेतड़ी, (निसं)।** पचेरीकलां पुलिस ने दुकान में चोरी कर सामान को आग लगाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने सूरत से गिरफ्तार किया है।

■ पचेरीकलां पुलिस ने दुकान में चोरी कर आग लगाने के दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव ने बताया कि 15 जूलाई को रायपुर अहीरान निवासी संजीव पुत्र बिशनसिंह ने रिपोर्ट दी कि गांव में उसकी किराणा की दुकान है। रात को तरूण सोनी पुत्र विनोद सोनी, जसवंत पुत्र दूलीचंद, सचिन उर्फ भेरू पुत्र विजयपाल, अनिल पुत्र विजयपाल ने दुकान का ताला तोड़कर सामान व 15 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए।

इसके बाद दुकान का सामान इकट्ठा कर उसमें आग लगा दी। आग लगने पर पड़ोसी हरिप्रकाश ने देखा तो शोर-शराबा करने लगा तो आरोपी भाग गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी शरद चौधरी ने एक विशेष टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस की टीम आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि पुलिस को सूचना मिली कि वारदात का एक आरोपी गुजरात के सूरत में छिपा हुआ है। जिस पर पुलिस ने दबिश देकर सचिन उर्फ भेरू पुत्र विजयपाल को गिरफ्तार कर लिया।

मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को दो दिन पहले ही गिरफ्तार किया था।थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव, एएसआई नरेश कुमार, कांस्टेबल शेखर कुमार आदि शामिल थे।

## कार्यकारिणी बैठक आयोजित

**झुंझुनूं, ।** पांत का अखाड़ा पुराना पोस्ट ऑफिस के पास शनि मंदिर झुंझुनूं में मंदिर के पुजारियों के हितों को लेकर व मंदिर माफी की जमीन को अतिक्रमण करने वालों से मुक्त करवाना, खाटू श्याम जी में मास्टर प्लान निरस्त करवाने को लेकर आगामी 18 अक्टूबर को ऐतिहासिक अधिवेशन संपन्न होगा। इसकी तैयारी को लेकर महासंघ की झुंझुनूं कार्यकारिणी की बैठक संरक्षक शंकरलाल शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। महासंघ के संयोजक महेश बसावतिया ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि रामदास महाराज डाबड़ी धाम थे। कार्यक्रम में नारी शक्ति को आगे बढ़ाते हुए ममता शर्मा ने समाज को जागरूक करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विनोद पुजारी ने आगामी अधिवेशन के उद्देश्यों को लेकर प्रकाश डाला। बैठक में रामप्रसाद जोशी, श्यामसुंदर शर्मा, नंदलाल स्वामी, राजेंद्र प्रसाद गौड़, सत्यनारायण जोशी, विनोद कुमार हिसारिया, रमेश कुमार शर्मा, पूर्व बैंक मैनेजर अरविंद कुमार पुजारी, एडवोकेट सुशील जोशी, मुकेश शर्मा व एडवोकेट अनिता की गरिमामय उपस्थिति रही।

## सर्व समाज ने मनाई राजा अजीत सिंह की 163 वी जयंती

**खेतड़ी , (निसं)।** खेतड़ी के उप जिला स्थित राजा अजीत सिंह पार्क परिसर में बुधवार कोराजाअजीतसिंहकी 163 वीजयंतीसमारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्षद लीलाधर सैनी, विशिष्ट अतिथि राजपूत युवा सभा अध्यक्ष हरिओम सिंह उसरिया, सुरेंद्रसिंहफौजी थे, जबकि अध्यक्षता श्याम सिंह ने की।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों नेराजाअजीतसिंहकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद लीलाधर सैनी ने कहा कि खेतड़ी नरेशअजीतसिंहका भी नाम जब भी आता है तो स्वामी विवेकानंद का नाम अवश्य आता है। उन दोनों महान विभूतियों की यादों में केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग सेअजीतविवेक संग्रहालय बनाया गया है, जिसमें अनेक सैलानी आने लगे हैं। अब खेतड़ी पर्यटक नगरी के रूप में विकसित होगी, यह खेतड़ी नरेशराजाअजीतसिंहकी ही देन है।



खेतड़ी के उप जिला स्थित राजा अजीत सिंह पार्क परिसर में बुधवार को राजा अजीत सिंह की 163 वी जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।

शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में भेजने का पूरा खर्चराजाअजीतसिंहने ही उठाया था और स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि जो भी मैं भारत के कल्याण के लिए थोड़ा बहुत कर पाया हूं वह नहीं कर पाता, यदि मेरी भेंट खेतड़ी नरेशराजाअजीतसिंहसे नहीं हुई होती। राजा अजीत सिंह ने खेतड़ी रियासत की जनता के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य करवाएं थे, जिनका आज भी जनता लाभ उठा रही है।

इस मौके पर वेणी शंकर, अमित सैनी, जगदीश सिंह, प्रेम नरपतसिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## स्कूल के मुख्य द्वार का हुआ लोकार्पण

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी ।** शहीद दयाचंद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रहनावा माधोपुरा में बुधवार को भामाशाह प्रकाश चन्द्र जाखड़ सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी द्वारा अपनी धर्मपत्नी रामप्यारी देवी जाखड़ की स्मृति में बनवाये गये मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण जाखड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर किया गया ।

आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता रहनावा ग्राम पंचायत के सरपंच छाजूराम गढ़वाल ने की जबकि मदन लाल सेवदा प्रधान पंचायत समिति, भागीरथ गोदारा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, पंचायत समिति सदस्य अमृत ख्यालिया, पूर्व सरपंच सुल्तान सिंह कस्वां, राकेश सिहाग ब्लांक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, सुभाष पूनिया पंचायत समिति सदस्य, हरफूल सिंह कूड़ी, रामनिवास राजोतिया पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामनिवास मील, दिसनाऊ ग्राम पंचायत सरपंच झाबरमल मांडिया ,रहनावा ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष धर्मवीर जाखड़, पूर्व पंचायत समिति सदस्य परमाराम जाखड ,विधाधर खर्रा मंचस्थ अतिथि थे ।


**आम सूचना**

मैं सत्यवीर सिंह पुत्र श्री भगवाना आयु 65 साल जाति जाट निवासी देवरोड तहसील पिलानी, जिला झुंझुनूं राजस्थान का रहने वाला शपथपूर्वक बयान करता हूं कि यह कि राकेश पुत्र सत्यवीर सिंह जाति जाट निवासी देवरोड तहसील पिलानी जिला झुंझुनूं राजस्थान हाल आबाद बड़ौदा मेरा जाईन्दा पुत्र है व आरती पत्नी श्री राकेश जाति जाट निवासी देवरोड तहसील पिलानी जिला झुंझुनूं राजस्थान हाल आबाद बड़ौदा मेरी पुत्रवधु है, उक्त दोनों पति-पत्नी आवारा किस्म के है व दोनों आवारा, बदमाश, बदनियत व आपराधिक किस्म के लोगों की संगत में रहते है। मेरी पुत्रवधु आरती भी जिद्दी किस्म की औरत जात महिला है। उक्त दोनों व्यवहार कुशल नहीं है, ना ही मेरा कहा-सुनना मानते है तथा ना ही मेरे कहे अनुसार मेरे कहे में चलते है। उक्त दोनों पति-पत्नी मेरे से अलग रहते है व मैंने मेरे स्वयं के खर्चे से मेरे पुत्र राकेश व मेरी पुत्रवधु आरती को अलग से बड़ौदा में मकान बना कर दे रखा है। जिसमें उक्त दोनों लोग मेरे से अलग रिहायश करते है व उक्त राकेश व मेरी पुत्रवधु आरती अपनी मन मर्जी से रहन-सहन व लेन-देन, संव्यवहार करते है व अपनी इच्छानुसार बाहर दुर-दराज आना-जाना रखते है। इसलिये मैं मेरे जाईन्दा पुत्र राकेश व मेरी पुत्रवधु श्रीमती आरती पत्नी श्री राकेश को अपनी समस्त जायदाद, मनकुला, गैर मनकुला, स्वयं अर्जित व पुस्तैनी तथा पैतृक सम्पति से वंचित/बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा मेरे जाईन्दा पुत्र राकेश व मेरी पुत्रवधु श्रीमती आरती पत्नी राकेश से कोई किसी प्रकार का संबंध व तालुकात नहीं रहा है। आज के बाद कोई भी व्यक्ति उक्त मेरे जाईन्दा पुत्र राकेश व मेरी पुत्रवधु आरती से मेरी साख से किसी भी प्रकार का रूपये-पैसे का लेन-देन करते है अथवा सव्यवहार करते है, किसी प्रकार की खरीद-फरोख्त करते है, इनके साथ किसी प्रकार का विनियम/एक्सचेन्ज करते है व किसी भी प्रकार की सम्पति को बतौर अमानत इनके पास रखते है। उसके लिये मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगा। फिर भी कोई व्यक्ति ऐसा करता है, तो वह अपनी स्वयं की जोखिम पर करे।

शपथग्रहिता
सत्यवीर सिंह


## 'जैविक खेती से शुरू में उत्पादन भले ही कम हो लेकिन लंबे समय तक हम अधिक उत्पादन ले सकते है'

**सीकर ।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि भारत आज भी एक कृषि प्रधान देश है।

■ कृषि वैज्ञानिक जैविक खेती को प्रभावशाली बनाने के लिए अधिक से अधिक अनुसंधान करें : यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा

उन्होंने कहा कि कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों को खेती को किसानों के लिए आर्थिक रूप से फायदेमंद बनाने एवं कम लागत में अधिक उत्पादन करने के संबंध में अधिक से अधिक अनुसंधान करने चाहिए। यूडीएच मंत्री खर्रा बुधवार को जिले के फतेहपुर में कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के संगठक कृषि महाविद्यालय के प्रशासनिक एवं अकादमिक भवनों का फीता काटकर उद्घाटन करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

समारोह में विशिष्ट अतिथी फतेहपुर-शेखावाटी विधायक हाकम अली खान, कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति प्रोफेसर डॉ.बलराज सिंह, कृषि महाविद्यालय फतेहपुर-शेखावाटी के अधिष्ठाता प्रोफेसर हरफूल सिंह मौजूद थे।

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि कीटनाशकों एवं रासायनिक खाद के अधिक प्रयोग से भूमि की उर्वरक शक्ति कम हुई है, इसलिए हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ाने के संबंध में और अधिक काम करना होगा। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से शुरू में उत्पादन भले ही कम हो लेकिन लंबे समय तक हम अधिक उत्पादन ले सकते हैं।

उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से जैविक खेती को प्रभावशाली बनाने के संबंध में अनुसंधान के साथ ही नवाचार करने पर बल दिया।यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि भारत में आज भी सतही जल की प्रचुर मात्रा है लेकिन उसका संरक्षण नहीं होने की वजह से वह बहकर समुन्दर में चला जाता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं यांत्रिक खेती की वजह से प्राकृतिक भू-जल संग्रहण क्षेत्र कम हुआ है। उन्होंने यमुना जल समझौते के तहत भारत के हिस्से का अतिरिक्त पानी बहकर पाकिस्तान जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसनों की आर्थिक उन्नित के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने कई सकारात्मक कदम उठाए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार जब तक देश का किसान खुशहाल नहीं होगा तब तक देश खुशहाल नहीं होगा, इसलिए खेती को फायदे का सौदा बनाकर ही 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना पूर्ण किया जा सकता है।यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किसानों को खेती के साथ-साथ खेती आधारित अन्य कार्य जैसे पशुपालन, उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन सहित अन्य कार्य भी करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि किसान एवं मजदूर वर्ग सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर फिजूल खर्ची को कम करें एवं बचत करें तथा अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं अच्छे संस्कार प्रदान करें। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी को सशक्त करने के लिए 2004 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में नदियों को जोड़ने का संकल्प लिया गया था।

## प्रतियोगिता का आयोजन

**झुंझुनूं ।** राजस्थान उच्च शिक्षा के तत्वावधान में राजमाता अहिल्या बाई होल्कर के 300वें जन्म जयंती वर्ष समारोह का आयोजन राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं में प्राचार्य सुरेंद्र सिंह न्यौला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रो. सुरेंद्र सिंह न्यौला ने विद्यार्थियों को राजमाता अहिल्या बाई की विलक्षण प्रतिभा के बारे में बताया कि राजमाता जितनी कुशल शासन प्रबंध में थी। उतनी ही रणकौशल में दक्ष थी समदर्शी न्याय की प्रतिमूर्ति थी।

यहां तक की उसने अपने पुत्र तक को मृत्युदंड का फरमान सुना दिया था। धर्म में उसकी अगाध आस्था थी। वह भगवान शंकर की उपासिका थी। उसकी उपासना से पूर्व अन्न-जल तक ग्रहण नहीं करती थी। उसने अपने अराध्य के अनेक मंदिरों का निर्माण कार्य करवाया। वहीं पर उसने सोमनाथ और काशी के भगवान विश्वनाथ के मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया साथ ही वह प्रजापालक की अपनी प्रजा के लोक हितार्थ अनेक कार्य संपन्न करवाए थे। उसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। जिसमें क्विज प्रतियोगिता में ऋतिका पुत्री वीरेंद्र सिंह, प्रियंका पुत्री सुरेंद्रसिंह एवं लोना मोरवाल पुत्री दिनेश मोरवाल कमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही तथा भाषण प्रतियोगिता में कौसर पुत्री महमूद अली, कृष्णा सैनी पुत्री विष्णु सैनी एवं नीतू पूनियां कमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान रही। अंत में कार्यक्रम के संयोजक सह आचार्य इरशाद अहमद ने विद्यार्थियों को राजमाता के उच्च आदर्शों का अनुसरण करते हुए कर्मपथ के माध्यम सतपथ पर चलने का संदेश दिया।


**कार्यालय नगरपालिका भादरा, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांक :- नपाभा/भूमि/2024-25/2404 दिनांक :- 16.10.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी कृष्ण कुमार पुत्र श्री बलुराम जाति बिश्नोई निवासी राजपुरा तहसील भादरा द्वारा चक 9 बीएचडी के मुरब्बा नं. 10 के किला नं.21/1 कुल 0.04 हेक्टेयर, 4305.98 वर्गफुट कृषि भूमि से व्यवसायिक (पेट्रोल पंप) उपयोग हेतु भू-उपयोग परिवर्तन के लिए पालिका में आवेदन किया गया है। इस पर किसी को कोई ऐतराज हो, तो 15 दिवस में कार्यालय समय में निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति मय सबूत प्रस्तुत करे। समय अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। सूचित रहे।

(कुलदीप), अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, भादरा


## जैन श्वेताम्बर विद्यालय में डांडिया नृत्य में झूमें नन्हें-मुन्ने

**चूरू, (कासं.)।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय की किड्स होम में डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के नन्हें-मुन्नों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय संचालक न्यास के मुख्य न्यासी बसंत पारख थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विद्यालय कार्यकारिणी समिति सदस्य अजय शर्मा, प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़, लेखाकार सुरेश शर्मा, यतिश्री रिद्धकरण ट्रस्ट के ट्रस्टी दीलिप दुगड़, कलकता प्रवासी सरला बांठिया व चूरू जिला अणुव्रत समिति की महिला मोर्चा अध्यक्ष रचना कोठारी थी। इस अवसर पर अतिथियों ने भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान भगवान श्री राम, हनुमान, पुलिस, डॉक्टर व नेता की वेशभूषा में सज्जे विद्यार्थी सभी के आकर्षण का केन्द्र रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों और विद्यालय की अध्यापिकाओं ने भी डांडिया नृत्य का जमकर लुफ्त उठाया। प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ ने बताया कि विद्यालय समय-समय पर अध्ययन के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है, इससे विद्यार्थी अन्य राज्यों के रीतिरिवाजों व सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ सकें। विद्यालय न्यास एवं इसके सदस्यों को साधुवाद देते हुए उन्होंने कहा कि उनके प्रयास एवं सहयोग से विद्यालय इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इससे विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।



श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय की किड्स होम में डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के नन्हें-मुन्नों ने भाग लिया।

कक्षा नर्सरी के छात्रों ने अध्यापिका चंदा रा, सोनू सैन, कक्षा एलकेजी के छात्रों ने चेतना सोनी, कृष्णा खिंची व सुषमा मारू, कक्षा यूकेजी के छात्रों ने निर्मला तलवाणी, प्रांजल कटारिया व खुशी जैन के सान्निध्य में डांडिया व विचित्र वेशभूषा की प्रस्तुति दी। कक्षा प्रथम व द्वितीय के छात्रों ने अध्यापिका मीनाक्षी टाक, पायल लुणावत, सुषमा शर्मा, रेखा शर्मा, माया कंवर व रश्मि साधवानी के सानिध्य में डांडिया नृत्य किया। विद्यार्थियों ने डांडिया नृत्य का अभ्यास अध्यापक आदिल खान के निर्देशन में किया। डांडिया व विचित्र वेशभूषा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. सूरजमल सुराणा व सचिव आनंद बालाण सहित दिल्ली, कोलकाता प्रवासी ट्रस्टीगणों व सदस्यों ने बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के घनश्याम शर्मा, इंतजार अली, भवानी सिंह, मनीष शर्मा, ज्योति मेड़तिया सहित बड़ी संख्या में स्टॉफ सदस्य व अभिभावक उपस्थित थे।


**महानिदेशालय पुनर्वास रक्षा मंत्रालय**

एसआईडीएम सीआईआई

**जॉब फेयर- जयपुर**

25 अक्टूबर 24 - 07.00 पूर्वान्ह से
(पंजीकरण प्रात 10.00 बजे तक)
Venue: Gandiv Stadium, Near Vijay Dwar, Vaishali Nagar, Jaipur Cantonment

**आवश्यक दस्तावेज**

ईएसएम आई कार्ड और फोटोग्राफ के साथ नवीनतम सीवी/बायोडेटा की पांच प्रतियां

**ईएसएम नौकरी चाहने वालों के लिए लाभ**

शीर्ष सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/कॉर्पोरेटों (नियोक्ता) के भर्तीकर्ताओं से बातचीत करें, परेशानी मुक्त भर्ती प्रक्रिया
अनेक नौकरी के अवसरों तक निशुल्क पहुंच

**नियोक्ताओं के लिए लाभ**

अनुभवी प्रतिभा पूल तक निशुल्क पहुंच
ऑनलाइन पंजीकरण करें और अपनी कंपनी का स्टॉल www.dgrindia.gov.in पर बुक करें
पहले आओ पहले पाओं के आधार पर आवंटन

**आगे की पूछताछ और सहायता के लिए कृपया संपर्क करें-**

संयुक्त निदेशक (एसई एवं सीआई)
पुनर्वास महानिदेशालय
वेस्ट ब्लॉक-IV आरके पुरम, नई दिल्ली-110066
टेलीफोन (कार्यालय) 011-20862542
ईमेल-seopadgr@desw.gov.in
वेब- http://www.dgrindia.gov.in

डीआरजेड (पश्चिम) चंडीमंदिर
टेलीफोन (कार्यालय) 0172-2589612/2554065
ईमेल-drzwcdm@desw.gov.in
ईएसएम एवं स्थल पूछताछ
Maj Khim Singh: 8006540177
उप अजय-9906331148

CBC 10401/11/0013/2425


TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
वाइड रेंज के साथ बेहतरीन क्वालिटी मिलेगी
सिर्फ TRUE VALUE पे
TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
CELEBRATING
50 LAKH
HAPPY FAMILIES
TRUE VALUE CERTIFIED
376 क्वालिटी चेक पॉइंट्स
3 FREE SERVICES
3 फ्री सर्विस और 1 साल तक की वारंटी*
वेरिफाइड कार हिस्ट्री*
अधिक जानने के लिए स्कैन करें
पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com
*नियम और शर्तें लागू। Verified Car History और Warranty केवल True Value प्रमाणित कारों पर लागू। नि:शुल्क सेवा केवल श्रम शुल्क पर लागू है। वाहन पर काला शीशा प्रकाश प्रभाव के कारण होता है।
BIKANER: OPPOSITE BBS SCHOOL, JAIPUR ROAD, BIKANER, AURIC MOTORS PVT. LTD.: 8875911509, 8003098512 | JAIPUR - JHUNJHUNU BYPASS, NEAR PIPRALI CHORAHA, SIKAR, JAMU AUTOMOBILES: 9694097851, 9694095757, 9887048515 | NEAR D.T.O OFFICE, JAIPUR ROAD, JHUNJHUNU, AURIC MOTORS PVT. LTD.: 7230003521, 7412059847, 7412087309.